RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रुबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्ष-10 अंक-227 जयपुर, शुक्रवार, 13 फरवरी 2026 मूल्य-4 रूपये

भारत की बढ़ेगी हवाई ताकत, फ्रांस से 114 राफेल जेट्स खरीदेगा भारत

## 3.25 लाख करोड़ के रक्षा सौदे पर मोहर

नई दिल्ली

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के भारत दौरे से पहले केंद्र सरकार ने लंबे इंतजार के बाद वायु सेना के लिए फ्रांस से 114 राफेल फाइटर जेट खरीदे जाने को गुरुवार को मंजूरी दे दी। इसमें 18 विमान सीधे फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन कंपनी से निर्मित होकर भारत आएंगे। शेष 96 विमान भारत में निजी कंपनियों के साथ साझेदारी में बनाए जाएंगे। इनमें से कई ट्विन-सीटर ट्रेनिंग वर्जन भी होंगे। रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) से गुरुवार को आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) मिलने के बाद बिजनेस वार्ता शुरू होगी, फिर अंतिम मंजूरी प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) देगी।

रक्षा मंत्री की अध्यक्षता में आज डीएसी की बैठक साउथ ब्लॉक में हुई, जिसमें सशस्त्र सेनाओं के लिए कई अहम फैसले हुए। केंद्र ने फ्रांस के साथ सरकार से सरकार सौदे के तहत वायु सेना के लिए 114 राफेल फाइटर जेट खरीदने को मंजूरी दे दी। इन विमानों में 40-50 फीसदी मेक इन इंडिया हथियारों को इंटीग्रेट करने का पूरा अधिकार होगा। फ्रांस के साथ 3.25 लाख करोड़ रुपये का यह सैन्य हार्डवेयर सौदा किसी भी देश के साथ अब तक हुए अनुबंध से कम से कम पांच गुना बड़ा है। भारत के पास अभी 36 राफेल हैं और इस सौदे से 150 विमान हो जाने पर देश की हवाई ताकत कई गुना बढ़ने की उम्मीद है।



वायु सेना के उप प्रमुख एयर मार्शल नागेश कपूर ने एक दिन पहले प्रेस कांफ्रेंस में बताया था ऑपरेशन 'सिंदूर' के दौरान भारत ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर सटीक हमला किया, जिसमें राफेल एक 'हीरो' था। अब इस सौदे के लिए मंजूरी मिलने के बाद भारत के पास कुल राफेल ऑर्डर 186 जेट्स हो जाएंगे, क्योंकि भारतीय नौसेना के लिए 26 राफेल-एम का 63 हजार करोड़ का पहले ही ऑर्डर दिया जा चुका है। भारत में लगभग 100 जेट्स बनाए जाएंगे, जिसमें टेक्नोलॉजी ट्रांसफर, डसॉल्ट -टाटा पार्टनरशिप, मेक इन इंडिया को बड़ा बढ़ावा मिलेगा। इनकी डिलीवरी 2030 तक होने की उम्मीद है

### स्कैल्प क्रूज, मीटियोर और हैमर मिसाइलें भी खरीदी जाएंगी

*सरकार से मंजूरी के बाद भारत व फ्रांस के बीच स्कैल्प क्रूज मिसाइलें खरीदने के लिए सौदा होगा। इन मिसाइलों का इस्तेमाल वायु सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के अंदर जैश व लश्कर के आतंकी हेडक्वार्टर को तबाह करने के लिए किया था। नए सौदे में राफेल जेट के साथ तीन तरह की मिसाइलें भी हैं। राफेल हवा में 500 किलोमीटर की दूरी तक हमला कर सकता है, इसीलिए इसे युद्ध के आसमान में 'गेम चेंजर' का खिताब दिया जाता है। राफेल में तीन तरह की मिसाइलें लगाई जा सकती हैं, जिसमें मीटियोर, स्कैल्प और हैमर मिसाइल हैं। इन तीनों मिसाइलों के साथ लैस होने की वजह से ही राफेल ने चीन और पाकिस्तान की नींद उड़ा रखी है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान स्कैल्प मिसाइलों को वायु सेना के राफेल जेट्स ने पाकिस्तान के मुरीदके और बहावलपुर में आतंकी मुख्यालय को तबाह के लिए लॉन्च किया था।*

रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता वाले डिफेंस प्रोक्योरमेंट बोर्ड ने 16 जनवरी को ही फ्रांस की डसॉल्ट एविएशन से 114 राफेल फाइटर जेट खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी थी। अब रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में डीएसी की मंजूरी मिलने के बाद अंतिम मंजूरी प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी देगी।

इसके बाद यह डील इसी माह फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों के भारत दौरे पर पक्की हो जाएगी। वायुसेना के अंबाला एयरबेस पर पहले से राफेल फ्लाइट-ट्रेनिंग व मेंटेनेंस, रिपेयर व ओवरहॉल सुविधा चालू है। ये जेट्स 'मेक इन इंडिया' स्कीम के तहत खरीदे जाएंगे, जिसमें राफेल बनाने वाली कंपनी डसॉल्ट एविएशन एक भारतीय फर्म के साथ साझेदारी करेगी।

## बांग्लादेश की सत्ता में बीएनपी की वापसी, बहुमत का आंकड़ा पार

### रहमान की 17 साल बाद धमाकेदार वापसी, जीती दोनों सीट

ढाका

बांग्लादेश के आम चुनाव में सियासी तस्वीर तेजी से बदलती दिख रही है। देश में जनता ने कट्टरपंथियों की जमात को पूरी तरह नकार दिया है। भारत विरोधी रवैया रखने वाली जमात-ए-इस्लामी और उसके नेतृत्व वाला 11 दलों का गठजोड़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से पूरी तरह से हारता दिख रहा है। देश में पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत बेगम खालिदा जिया की पार्टी बीएनपी करीब 20 साल के बाद सरकार बना सकती है।

रॉयटर्स के अनुसार बांग्लादेश के चुनावी नतीजों में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी यानी बीएनपी ने बहुमत हासिल कर लिया है। वहीं, कट्टरपंथी दलों को अपेक्षित समर्थन नहीं मिला।

बांग्लादेशी मीडिया ढाका ट्रिब्यून के अनुसार मतगणना में



बीएनपी ने पूर्ण बहुमत हासिल कर लिया है और अब तक 151 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है। शुरुआती रुझान बताते हैं कि जमात-ए-इस्लामी 43 सीटों के साथ मुख्य विपक्षी दल के रूप में उभर रही है। जबकि इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश को एक सीट और अन्य दलों को अबतक चार सीटें मिली हैं। इन रुझानों से संकेत मिल रहा है कि बीएनपी गठबंधन मजबूत स्थिति में पहुंच चुका है। ऐसे में तारिक रहमान की ताजपोशी पक्की मानी जा रही है।

### मतदान के दौरान हिंसा और धमाके की घटनाएं

*मतदान के दिन कई इलाकों से हिंसा और झड़प की खबरें आईं। खुलना में एक मतदान केंद्र के बाहर जमात-ए-इस्लामी कार्यकर्ताओं और बीएनपी समर्थकों के बीच भिड़ंत में एक बीएनपी नेता की मौत हो गई। बीएनपी का आरोप है कि धक्का दिए जाने से वह पेड़ से टकराए और जान गई। जमात ने दावा किया कि नेता पहले से बीमार थे। गोपालगंज के निचुपाड़ा स्थित रेशमा इंटरनेशनल स्कूल मतदान केंद्र पर सुबह करीब 9 बजे हैंडबम हमला हुआ, जिसमें 13 साल की लड़की समेत तीन लोग घायल हुए। चुनाव ड्यूटी में लगे अंसार बल के दो सदस्य भी घायल हुए।*

## ट्रेलर ने बाइक सवार परिवार को कुचला, तीन बच्चों की मौत, पिता गंभीर घायल

बूंदी

कोटा-भीलवाड़ा नेशनल हाईवे-27 पर बुधवार रात सड़क हादसे में एक परिवार के तीन बच्चों की मौके पर मौत हो गई, जबकि पिता गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा डाबी थाना क्षेत्र में दुधी कुड़ी कट के पास हुआ। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने हाईवे जामकर मुआवजे, कड़ी कार्रवाई की मांग की। डाबी थाने के एसएचओ हेमराज शर्मा ने बताया मदन बंजारा अपनी बेटी सुमन, बेटे अंकित और भतीजे करण (बहादुर का बेटा) के साथ पराणा गांव (बूंदी) से डाबी की ओर जा रहे थे। परिवार किसी एक बच्चे को डॉक्टर को दिखाने के लिए निकला था। इसी दौरान बिजौलिया (भीलवाड़ा) की ओर से तेज रफ्तार में आ रहे ट्रेलर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार चारों लोग सड़क पर दूर तक घिसटते चले गए। हादसे में आठ से दस वर्ष आयु के तीनों बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई। मदन बंजारा गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें एंबुलेंस से तुरंत कोटा के एमबीएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे के बाद ट्रेलर चालक वाहन मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस ने ट्रेलर को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर लिया है, चालक की तलाश की जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत से गांव में शोक की लहर दौड़ गई। आक्रोशित लोगों ने मुआवजे और दोषी चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हाईवे जाम कर दिया तथा शव उठाने से इनकार कर दिया।

## राजस्थान में कानून बनने तक नहीं कटेगी खेजड़ी

### मंत्री बोले- इसी सत्र में लाएंगे कानून

### आंदोलन संयोजक ने कहा- ये संघर्ष की जीत

बीकानेर

राजस्थान में कानून बनने तक खेजड़ी नहीं कटेगी। गुरुवार देर रात राज्य मंत्री केके विश्नोई सरकार की ओर से इसका पत्र लेकर बीकानेर पहुंचे। इसी के साथ बीकानेर में खेजड़ी बचाओ आंदोलन के तहत चल रहा महापड़ाव खत्म हो गया।

केके विश्नोई ने कहा- जब तक कानून नहीं बनता है, तब तक सभी जिलों के कलेक्टरों को राजस्व विभाग ने आदेश दिए हैं कि अवैध रूप से एक भी खेजड़ी नहीं कटने दें।



उन्होंने कहा- आगे भी इस मुद्दे पर संतों और पर्यावरण प्रेमियों से बात करते रहेंगे। सरकार इसी सत्र में कानून लाने की तैयारी कर रही है। साथ ही इसके सभी वैधानिक पक्षों को देखा जा रहा है।

आंदोलन के संयोजक राम गोपाल बिश्नोई कहा- सरकार ने खेजड़ी के संबंध में एक सर्कुलर जारी कर दिया है। अब राज्य में खेजड़ी नहीं कटेगी। इसी सत्र में ये नियम लाने की घोषणा की गई है। ये आप सबके संघर्ष की जीत है। हमें संगठित रहना होगा।

### हमारी बात आगे भी चलती रहेगी

मंत्री केके विश्नोई ने कहा- खेजड़ी नहीं काटी जाएगी। समय के साथ आगे भी चर्चा चलती रहेगी। सीएम की तरफ से हमें पूरा आश्वासन है।

पर्यावरण प्रेमियों की भावना का सम्मान किया जाएगा। इसके बाद मंत्री विश्नोई ने संतों को पत्र सौंपा। गुरु जम्भेश्वर की जय बोली गई।

पत्र में लिखा है- प्रदेश में राज्य वृक्ष खेजड़ी के सांस्कृतिक एवं विशिष्ट पहचान और आभामंडल की आवश्यकता और भावनाओं को मद्देनजर राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में खेजड़ी संरक्षण के लिए विशेष कानून लाने का निर्णय किया गया है।

इन्हीं जन आकांक्षाओं और भावनाओं के कारण मुख्यमंत्री के स्तर पर समाज से जुड़े संतों और प्रमुख व्यक्तियों से 27 अगस्त 2025 को चर्चा की गई। चर्चा के अवसर पर ही मुख्यमंत्री ने ऐसा कानून विधानसभा में लाने और जल्द से जल्द लागू करने के लिए समस्त संबंधित को निर्देशित कर दिया।

## यूएन रिपोर्ट में दावा: दिल्ली ब्लास्ट की जिम्मेदारी जैश ने ली

### हमले के लिए महिला आतंकियों की भर्ती की

नई दिल्ली

यूनाइटेड नेशन सिक्योरिटी काउंसिल (यूएन) की एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दिल्ली के लाल किले के पास हुए ब्लास्ट की जिम्मेदारी जैश-ए-मोहम्मद ने ली है। 10 नवंबर 2025 को दिल्ली के लाल किले पर एक कार में ब्लास्ट हुआ था जिसमें 15 लोगों की जान गई थी। इसकी जांच नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी कर रही है। एजेंसियों ने इसे व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल बताया था। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का भी जिक्र है। जिसमें कहा गया है कि पहलगाम हमले में शामिल तीनों आतंकी भी मारे जा चुके हैं।



रिपोर्ट के मुताबिक जैश प्रमुख मसूद अजहर ने अक्टूबर 2025 को महिला आतंकियों की एक अलग विंग बनाई थी। इसका नाम जमात-उल-मुमिनात है। यह विंग आतंकी गतिविधियों को सपोर्ट करने के लिए बनाई गई है। हालांकि ये विंग ह की लिस्ट में यह शामिल नहीं है। रिपोर्ट में सदस्य देशों के अलग-अलग आकलन का भी जिक्र है। कुछ देशों ने माना कि JeM आतंकी संगठन अभी भी टेररिस्ट एक्टिविटी को बढ़ावा दे रहा है।

## मंदिर-मस्जिद समेत हाईवे पर बने 2216 अवैध निर्माण हटेंगे

### हाईकोर्ट ने कहा- 2 महीने में एक्शन लें, दोबारा अतिक्रमण हुआ तो अफसर जिम्मेदार

जोधपुर

राजस्थान हाईकोर्ट (जोधपुर) ने प्रदेश के नेशनल हाईवे से सभी अतिक्रमण हटाने के आदेश दिए हैं। हाईकोर्ट ने कहा- प्रदेश के नेशनल हाईवे पर 'राइट ऑफ वे' में आने वाले सभी 2216 अतिक्रमणों को दो महीने में हटाया या स्थानांतरित किया जाए।

कोर्ट ने स्पष्ट किया कि सड़कों पर सुरक्षित आवाजाही संविधान के



अनुच्छेद-21 के तहत मौलिक अधिकार है। इसमें किसी भी प्रकार का अवरोध 'संवैधानिक गलती' है। प्रदेश में हाईवे पर 103 मंदिर, मस्जिद आदि धार्मिक संरचनाएं हैं।

जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्र सिंह भाटी और जस्टिस संदीप शाह की खंडपीठ ने 'हिम्मत सिंह गहलोत बनाम राजस्थान राज्य' जनहित याचिका में यह रिपोर्टेबल जजमेंट दिया है। मामले की अगली सुनवाई 10 मार्च को होगी।

यह मामला जोधपुर के चौखा सुलिया बेरा निवासी हिम्मत सिंह गहलोत की ओर से दायर जनहित याचिका से शुरू हुआ। कोर्ट ने अपने आदेश में 22 जनवरी 2026 की एक दुखद घटना का जिक्र किया।

इसमें एक धर्मकांटे (वेब्रिज) के पास अवैध कट और अतिक्रमण के कारण हुई दुर्घटना में चार लोगों की जान चली गई थी। कोर्ट ने माना कि यह हादसा केवल एक संयोग नहीं, बल्कि हाईवे सुरक्षा मानकों के खुले उल्लंघन का प्रत्यक्ष परिणाम था।

## 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव संविधान के अनुरूप : बीआर गवई

नई दिल्ली। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' को लेकर गठित संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की गुरुवार को हुई बैठक में पूर्व मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई ने कहा 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' का प्रस्ताव संविधान के अनुरूप है और यह मूल ढांचे का उल्लंघन नहीं करता। उन्होंने कहा कि संसद को संविधान में संशोधन करने का अधिकार है और यह उसका विशेषाधिकार है। इसमें लोकतंत्र या संघीय ढांचे का उल्लंघन नहीं है।

## टी-20 वर्ल्ड कप में भारत की लगातार दूसरी जीत

### नामीबिया को 93 रनों से हराया, ईशान-पंड्या की फिफ्टी

नई दिल्ली

भारत ने टी-20 वर्ल्ड कप में नामीबिया को 93 रन से हरा दिया। टूर्नामेंट इतिहास में रनों के लिहाज से यह इंडिया की सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकॉर्ड 90 रन का था, जोकि इंग्लैंड के खिलाफ 2012 में बना था। भारतीय टीम ने लगातार दूसरा मैच जीतकर ग्रुप-ए के पॉइंट्स टेबल के टॉप पर जगह बना ली। भारत ने अमेरिका को पहला मैच हराया था।



गुरुवार को टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने 9 विकेट के नुकसान पर 209 रन बनाए थे। भारत ने आखिरी 4 रन बनाने में 5 विकेट गंवा दिए थे। ईशान किशन ने 61 और हार्दिक पंड्या ने 52 रन बनाए। नामीबिया से कप्तान जेराड इरासमस ने 4 विकेट लिए। 210 रन का टारगेट चेज करने उतरी नामीबिया की टीम 18.2 ओवर में 116 रन पर ऑलआउट हो गई।

## हिस्ट्रीशीटर कालू भड़क गिरफ्तार, 7 अवैध हथियार बरामद, 27 कारतूस जब्त

कोटा

कोटा शहर पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना रानपुर क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश कालू भड़क को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे अपनी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इस दौरान आसूचना के आधार पर रिको रानपुर इलाके में टाटा सफारी गाड़ी को रोककर चेकिंग की गई। वाहन में सवार कालू भड़क के कब्जे से 2 देशी पिस्टल, 1 देशी कट्टा और 15

भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने सदन में पेश किया प्रस्ताव

## संसद सदस्यता खत्म करने और चुनाव लड़ने पर रोक की मांग

### नेता प्रतिपक्ष ने किया तीखा पलटवार

नई दिल्ली

भाजपा सांसद डॉ. निशिकांत



उन्होंने कहा कि किसान भारत की नींव हैं और कांग्रेस हमेशा से किसानों और देश की खाद्य सुरक्षा के लिए लड़ी है। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि नरेंद्र मोदी सरकार ने अमेरिकी कंपनियों के

राजस्थान में टोल को लेकर सरकार ने कहा

## टोल पर 20 किमी दायरे वालों को मासिक पास, हल्के वाहनों को छूट पर विचार नहीं

जयपुर



राजस्थान में टोल को लेकर सरकार ने स्थिति साफ कर दी है।

## मोहाली में 16 स्कूलों को उड़ाने की धमकी

मोहाली (एजेंसी)। मोहाली के स्कूल-कॉलेजों को बुधवार सुबह बम से उड़ाने की धमकी मिली। सुबह करीब साढ़े 7 बजे भेजी मेल में कहा गया कि इनमें दोपहर 1.11 बजे बम ब्लास्ट होगा। इस मेल में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान को भी मानव बम से उड़ाने की धमकी दी गई। इसके अलावा 13 फरवरी को दोपहर 2.11 बजे नई दिल्ली स्थित संसद में भी बम धमाके की धमकी दी गई है। सुबह 8.50 बजे स्कूल खुलने थे, इससे पहले ही मेल पहुंच गई। जैसे ही धमकी भरी मेल मिली तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई। इसके बाद स्कूलों में तत्काल छुट्टी कर दी गई। स्कूल मैनेजमेंट्स ने पेरेंट्स को अर्जेंट मैसेज भेजकर अपने बच्चों को घर ले जाने को कहा। इसके अलावा स्कूल बसों को भी गेट से ही लौटा दिया गया। बच्चों को स्कूल के अंदर एंट्री नहीं दी गई। बम धमकी का पता चलते ही मोहाली पुलिस हाई अलर्ट पर आ गई। तुरंत बम स्कॉड की टीमें लेकर पुलिस फोर्स स्कूलों में पहुंच गई।

## असम में भारत का सबसे लंबा भूकंपरोधी पुल तैयार : 100 साल चलेगा

गुवाहाटी (एजेंसी)। असम में ब्रह्मपुत्र नदी पर उत्तरी और दक्षिणी गुवाहाटी को जोड़ने वाला पहला 6-लेन एक्स्ट्राडोसेड ब्रिज या 'महासेतु' बनकर तैयार है। यह पुल न केवल असम बल्कि देश के लिए भी खास है, क्योंकि यह भारत का सबसे लंबा एक्स्ट्राडोसेड पुल होगा। पुल को भूकंप-रोधी तकनीक से डिजाइन किया गया है और इसकी अनुमानित उम्र 100 वर्ष है। असम का यह क्षेत्र भूकंप जोन-6 में आता है, इसलिए पुल में विशेष पेंडुलम सिस्टम लगाया है, जो भूकंप के झटकों को सहन कर उन्हें नीचे की ओर स्थानांतरित कर देता है। एक्स्ट्राडोसेड पुल गर्डर और केबल दोनों तकनीक पर आधारित होता है। इससे पारंपरिक पुलों की तुलना में ज्यादा मजबूत और किफायती भी होता है। पुल का निर्माण कार्य करीब 99 प्रतिशत पूरा हो गया है। संभावना है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने इसका उद्घाटन कर सकते है।

## फाजिल्का में 17 वर्षीय युवती की निर्मम हत्या

फाजिल्का (एजेंसी)। फाजिल्का जिले के अबोहर में मलोट रोड पर स्थित एक होटल में 17 साल की लड़की की हत्या का सनसनीखेज मामला सामने आया। पुलिस के अनुसार, लड़की का शव होटल के कमरे में अर्धनग्न अवस्था में और आंखों पर पट्टी बंधी हुई मिली। उसकी गर्दन तेजधार हथियार से काटी गई थी। होटलकर्मियों ने बताया कि मृतक लड़की आरती अपने प्रेमी सचिन के साथ होटल में आई थी। युवक करीब आधे घंटे बाद खाना ऑर्डर करने का बहाना बनाकर होटल से निकला। घटना की सूचना मिलते ही सिटी थाना-1 की पुलिस मौके पर पहुंची और होटल को सील कर सभी रिकॉर्ड, रजिस्टर व अन्य सबूत कब्जे में ले लिए। पुलिस ने सचिन निवासी रामकोट के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू कर दी गई है और मामले की हर एंगल से जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। आरती मूल रूप से उत्तर प्रदेश के कानपुर जिले की रहने वाली थी। उनके पिता कई वर्षों से अबोहर में गौशाला में काम करते हैं। मृतक के परिजनों ने बताया कि आरोपी सचिन पहले भी आरती को परेशान करता था। एसएचओ ने बताया कि आरोपी युवक 22 वर्षीय है और कुई खेड़ा गांव का रहने वाला है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और सभी संबंधितों से पूछताछ जारी है।

## पटना में 60 वर्षीय महिला वकील का झुलसा हुआ शव बरामद

पटना (एजेंसी)। बिहार की राजधानी पटना के कदमकुआं क्षेत्र से दुखद घटना सामने आई है। राजेंद्र नगर रोड नंबर-2 में मौजूद घर से 60 वर्षीय महिला वकील इंदिरा लक्ष्मी का झुलसा हुआ शव बरामद हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। इंदिरा लक्ष्मी पटना हाई कोर्ट और सिविल कोर्ट में प्रैक्टिस करती थीं। उनके पति रांची में रहते हैं, जबकि उनकी एक बेटी दिल्ली में रहती है। जानकारी के अनुसार, शव घर के बरामदे में जली हुई अवस्था में मिला। घटनास्थल से किरोसिन तेल, माचिस और एक दिया बरामद हुआ है। पुलिस को एक मग में भी केरोसिन तेल मिला है। बताया जा रहा है कि घर का मुख्य दरवाजा बंद था और ताला दोनों तरफ से खुलने वाला था। महिला घर के निचले तले पर अकेली रहती थीं। उनके ऊपर वाले फ्लैट में उनके देवर रहते हैं, जिन्होंने सुबह शव देखा। एक केयरटेकर महिला ने भी महिला जली हुई अवस्था में उन्हें देखा और इसकी सूचना दी। केयरटेकर के अनुसार, रात करीब 12 बजे तक इंदिरा लक्ष्मी बरामदे में बैठी थीं। पुलिस ने बताया कि सूचना सुबह लगभग 7-40 बजे मिली। एफएसएल टीम को मौके पर बुलाया और जांच जारी है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया शरीर पर किरोसिन डालकर आग लगाने की आशंका है, हालांकि अंतिम निष्कर्ष जांच रिपोर्ट के बाद ही सामने आएगा। घटना से पटना सिविल कोर्ट के वकीलों में शोक की लहर है। अधिवक्ता ऋषिकेश नारायण सहित कई वकीलों ने मामले की निष्पक्ष और गहन जांच की मांग की है।

## एक माह में 800 लोग लापता... चिंतित दिल्ली हाईकोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार, पुलिस को दिया नोटिस

नई दिल्ली (एजेंसी)। (ईएमएस)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते गुमशुदगी के मामलों को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्र, दिल्ली सरकार, दिल्ली पुलिस और राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) को नोटिस दे दिया है। चीफ जस्टिस देवेंद्र कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने लापता व्यक्तियों की लगातार बढ़ती संख्या पर चिंता जताकर जनहित याचिका (पीआईएल) पर सुनवाई के दौरान संबंधित अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर हलफनामा दाखिल करने को कह दिया है। मामले की अगली सुनवाई 18 फरवरी को होगी। याचिका में बताया गया है कि दिल्ली में बीते एक महीने में 800 से अधिक लोगों के लापता होने के मामले सामने आए हैं। इस बीच जनवरी 2026 के पहले दो हफ्तों में 807 लोगों के लापता होने के मुद्दे पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने भी स्वत: संज्ञान लिया है। दिल्ली पुलिस के आंकड़ों के मुताबिक, 807 लापता लोगों में से अब तक 235 का ही पता लग सका है, जबकि 572 लोग अभी भी लापता हैं। इन मामलों में 191 नाबालिग और 616 वयस्क शामिल हैं। इस बारे में दिल्ली के मुख्य सचिव और पुलिस आयुक्त को भी नोटिस जारी कर निर्धारित समय में विस्तृत रिपोर्ट देने को कहा गया है। किसी व्यक्ति के लापता होने की शिकायत मिलते ही पुलिस के लिए तुरंत एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है, खासकर यदि मामला नाबालिग से जुड़ा हुआ है।

# जन गण मन से पहले गाया जाएगा वंदे मातरम

**-स्कूलों में राष्ट्रगीत के बाद शुरू होगी पढ़ाई ; सिनेमाघरों को छूट**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्र सरकार ने राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' को लेकर नए दिशानिर्देश जारी किए हैं। गृह मंत्रालय ने आदेश में कहा है कि अब सरकारी कार्यक्रमों, स्कूलों या अन्य औपचारिक आयोजनों में 'वंदे मातरम' बजाया जाएगा। इस दौरान हर व्यक्ति का खड़ा होना अनिवार्य होगा। यह आदेश 28 जनवरी को जारी हुआ, लेकिन मीडिया में इसकी जानकारी 11 फरवरी को आई। आदेश में साफ लिखा है कि अगर राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम' और राष्ट्रगान 'जन गण मन' साथ में गाए या बजाए जाएं, तो पहले वंदे मातरम गाया जाएगा। इस दौरान गाने या सुनने वालों को सावधान मुद्रा में खड़ा रहना होगा।

आदेश के मुताबिक सभी स्कूलों में दिन की शुरुआत राष्ट्रगीत बजाने के बाद ही होगी। नए नियमों के अनुसार, राष्ट्रगीत के सभी 6 अंतरे गाए जाएंगे, जिनकी कुल अवधि 3 मिनट 10 सेकेंड है। अब तक मूल गीत के पहले दो अंतरे ही गाए जाते थे। हालांकि, आदेश में यह भी कहा गया है किन-किन मौकों पर राष्ट्रगीत गाया जा सकता है, इसकी पूरी लिस्ट देना संभव नहीं है। यह पहली बार है जब राष्ट्रगीत के गायन को लेकर डिटेल में प्रोटोकॉल जारी किए गए हैं। केंद्र इस समय वंदे




मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में कार्यक्रम मना रहा है।

### राष्ट्रपति के आगमन और झंडारोहण जैसे कार्यक्रमों में गाया जाएगा

नई गाइडलाइन के अनुसार, तिरंगा फहराने, किसी कार्यक्रमों में राष्ट्रपति के आगमन, राष्ट्र के नाम उनके भाषणों और संबोधनों से पहले और बाद में, और राज्यपालों के आगमन और भाषणों से पहले और बाद में सहित कई आधिकारिक अवसरों पर वंदे मातरम बजाना अनिवार्य होगा। मंत्रियों या अन्य महत्वपूर्ण व्यक्तियों की मौजूदगी वाले गैर-औपचारिक लेकिन जरूरी कार्यक्रमों में भी राष्ट्रगीत सामूहिक रूप से गाया जा सकता है, बशर्ते इसे पूरा सम्मान और शिष्टाचार के साथ पेश किया जाए। 10 पेजों के आदेश में, सिविलियन पुरस्कार समारोहों, जैसे कि पद्म पुरस्कार समारोह या ऐसे किसी भी कार्यक्रम में जहां राष्ट्रपति उपस्थित हों, वहां भी वन्दे मातरम बजाया जाएगा।

### सिनेमा हॉल में लागू नहीं होंगे नए नियम

हालांकि, सिनेमा हॉल को नए नियमों से दूर रखा गया है। यानी सिनेमाघरों में फिल्म शुरू होने से पहले 'वंदे मातरम' बजाना और खड़ा रहना अनिवार्य नहीं होगा। वहीं अगर किसी न्यूजरील या डॉक्यूमेंट्री फिल्म के हिस्से के रूप में राष्ट्रगीत बजाया जाता है, तो दर्शकों के लिए खड़ा होना जरूरी नहीं होगा। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी स्थिति में खड़े होने से प्रदर्शन में व्यवधान और अव्यवस्था हो सकती है। मंत्रालय ने कहा है कि अब से राष्ट्रगीत का आधिकारिक संस्करण ही गाया या बजाया जाएगा और इसे सामूहिक गायन के साथ प्रस्तुत किया जाएगा।


## बेटे सिद्धू मूसे वाला के लिए इंसाफ दिलाने धरने पर बैठे... माता-पिता और छोटा सिद्धू



मानसा (एजेंसी)। अपने बेटे को इंसाफ दिलाने के लिए डीआईजी बठिंडा हरजीत सिंह को मिलने पहुंचे पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसे वाला की माता चरण कौर और पिता बलकौर सिंह एसएसपी दफ्तर के बाहर धरने पर बैठ गए, तब उनके साथ उनका छोटा सिद्धू भी मौजूद था। सिंह का आरोप था कि उन्होंने साल 2025 के दौरान डीजीपी को सिद्धू मूसे वाला कत्ल मामले में शामिल तीन लोगों के नाम की लिस्ट देकर कार्रवाई करने की मांग कर शिकायत दी थी जिसकी फाइल मानसा पुलिस के पास पहुंच चुकी है, लेकिन मानसा पुलिस ने उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की है। उन्होंने आरोप लगाया कि मानसा पुलिस उन्हें इंसाफ देने के बजाय गैंगस्टरों पर कार्रवाई करने के बजाय उन्हें पुलिस कस्टडी से भगाया गया, उन्होंने पंजाब पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने कहा के उन्हें अब तक इंसाफ नहीं दिया गया।

2022 में हुई थी हत्या - बता दें, सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह पिछली पेशी पर अपने बेटे की थार गाड़ी को अदालत में लेकर पहुंचे थे। सिद्धू मूसेवाला का 29 मई 2022 को मानसा जिले के गांव जवाहरके में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो शूटर्स जगरूप रूप और मनु कोसा को अमृतसर जिले में एनकाउंटर के दौरान मार गिराया गया था। वहीं इस मामले में अब नामजद लॉरेंस बिश्नोई और जग्गू भगवानपुरिया की लगातार वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेशी हो रही है।

## अब सलमान खान के करीबी से करोड़ों की फिरौती और रणवीर सिंह को मिला धमकी भरा संदेश



**मुंबई (एजेंसी)।** मायानगरी मुंबई में एक बार फिर अंडरवर्ल्ड और अपराधी गिरोहों की सक्रियता ने फिल्म जगत में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है। फिल्ममेकर रोहित शेट्टी के आवास के बाहर हुई हालिया फायरिंग की गूंज अभी थमी भी नहीं थी कि अब अभिनेता रणवीर सिंह और सलमान खान के बेहद करीबी व्यक्ति को धमकियां मिलने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार, अभिनेता रणवीर सिंह को व्हाट्सएप के जरिए धमकी दी गई है, जबकि सलमान खान के एक करीबी सहयोगी को धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ है।

सलमान खान के करीबी को भेजे गए इस ईमेल में भेजने वाले ने खुद को कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य होने का दावा किया है। इस धमकी भरे पत्र में करोड़ों रुपयों की रंगदारी मांगी गई है और मांग पूरी न होने पर जान से मारने की स्पष्ट चेतावनी दी गई है। हालांकि, इस मामले में अभी तक अभिनेता या उनके सहयोगी की ओर से पुलिस में कोई औपचारिक लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस प्रशासन इस इनपुट के बाद पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले की गहन जांच शुरू कर दी है। तकनीकी जांच और खुफिया जानकारी के दौरान क्राइम ब्रांच को बेहद चौंकाने वाले सुराग मिले हैं। बताया जा रहा है कि बिश्नोई गैंग से जुड़े कुछ संदिग्धों की मोबाइल लोकेशन पिछले कुछ दिनों में कई बॉलीवुड हस्तियों के घरों के आसपास पाई गई है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि गिरोह ने अपने अलग-अलग गुर्गों को इन हस्तियों की रेकी करने का काम सौंपा था। रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग और अब इन नई धमकियों ने सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। सलमान खान लंबे समय से इस गिरोह के निशाने पर रहे हैं और पूर्व में उनके घर के बाहर हुई गोलीबारी की जिम्मेदारी भी इसी गैंग ने ली थी। पुलिस का मानना है कि इन धमकियों के पीछे मुख्य उद्देश्य बॉलीवुड से मोटी रकम की वसूली करना है। एहतियात के तौर पर मशहूर हस्तियों के आवास के आसपास सुरक्षा और सतर्कता बढ़ा दी गई है।

# अपने बयान पर स्पष्टीकरण दें वर्ना विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव का सामना करने को तैयार रहें

**-संसदीय कार्य मंत्री रिजिजू ने दी राहुल गांधी को चेतावनी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली, (ईएमएस)। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के हालिया बयान को लेकर सियासी विवाद गहरा गया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बुधवार को चेतावनी दी कि यदि राहुल गांधी शाम 5 बजे तक अपने बयान पर स्पष्टीकरण या माफी नहीं मांगते हैं तो सरकार उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव लाएगी। संसदीय मंत्री रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी ने सदन में ÷गलतबयानी÷ कर सदन को गुमराह किया है। उन्होंने कहा, हम सदन को गुमराह करने और बेबुनियाद बयान देने के लिए राहुल गांधी के खिलाफ प्रिविलेज नोटिस फाइल करने जा रहे हैं। लोकसभा और राज्यसभा में प्रक्रिया और आचरण के स्पष्ट नियम हैं। यदि कोई सदस्य किसी अन्य सदस्य पर गंभीर आरोप लगाना चाहता है, तो उसे पहले नोटिस देना होता है और आरोप को प्रमाणित भी करना होता है। केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सरकार पर यह आरोप लगाया कि उन्होंने भारत और भारतीय हितों को बेच दिया है। रिजिजू ने सवाल उठाया, किस आधार पर? बिना नोटिस दिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी पर भी



गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को सदन में बुलाकर अपने आरोपों को साबित करने का अवसर दिया जाना चाहिए। रिजिजू ने यह भी आरोप लगाया कि राहुल गांधी जानबूझकर ऐसा करते हैं। उन्होंने कहा, उनका भाषण आम तौर पर आरोपों से भरा होता है और उसके बाद वे सदन से चले जाते हैं। वे मंत्रियों का जवाब सुनने के लिए नहीं बैठते। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्ष के नेता के पद पर गंभीरता का अभाव दिखता है। भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने भी पार्टी मुख्यालय में प्रेस वार्ता कर राहुल गांधी पर संसदीय परंपराओं को आहत करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि संसद लोकतंत्र में उच्चतम मानकों और मर्यादाओं का प्रतीक है, लेकिन हाल की घटनाओं ने इसकी गरिमा को ठेस पहुंचाई है। त्रिवेदी ने आरोप लगाया कि गांधी ने अपनी भाषा और शैली से संसदीय विमर्श का स्तर गिराया है। दरअसल, लोकसभा में केंद्रीय बजट पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते को लेकर सरकार पर निशाना साधा था। उन्होंने इसे 'होलसेल सरेंडर' करार देते हुए कहा था कि यह समझौता बराबरी की शर्तों पर नहीं हुआ है और किसानों के हितों को नुकसान पहुंचाया गया है। राहुल गांधी ने यहां तक कहा कि सरकार ने 'भारत माता को बेच दिया।'

# कांग्रेस से गठबंधन रहेगा, सत्ता-साझाकरण व्यवस्था तमिलनाडु के लिए उपयुक्त नहीं: स्टालिन

**-कुछ कांग्रेसी नेताओं ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की उठाई थी मांग**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने बुधवार को कांग्रेस और अन्य पार्टियों के साथ गठबंधन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, क्योंकि राज्य में इस साल के अंत में चुनाव होने वाले हैं। स्टालिन ने कांग्रेस जैसे डीएमके के सहयोगियों के साथ किसी भी प्रकार के साझा शासन को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। हाल ही में कांग्रेस के अंदर कुछ नेताओं ने डीएमके के नेतृत्व वाली सरकार में मंत्री पद की मांग उठाई थी। स्टालिन ने कहा कि सत्ता-साझाकरण व्यवस्था तमिलनाडु के लिए उपयुक्त नहीं है।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक स्टालिन ने कहा कि शासन में हिस्सेदारी की मांग तमिलनाडु पर लागू नहीं होती। वे इसे हमसे बेहतर जानते हैं। यह नारा उन लोगों की सोची-समझी साजिश है जो हमें एकजुट नहीं देख सकते। तमिलनाडु के सीएम ने संकेत दिया कि राज्य में चुनाव होने पर कांग्रेस सहयोगी बनी रहेगी। उन्होंने कहा कि हमारा गठबंधन सौहार्दपूर्ण है। मीडिया जानबूझकर कुछ अनावश्यक धारणाएं बना रहा है।

सीएम स्टालिन ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ अपने संबंधों को दोनों पार्टियों के बीच निरंतर गठबंधन का एक अहम तत्व बताया। राहुल गांधी ने डीएमके नेता कनिमोझी से बातचीत करके गठबंधन में तनाव कम करने में अग्रणी भूमिका निभाई है ताकि कांग्रेस डीएमके के साथ बनी रहे। स्टालिन ने कहा कि राहुल गांधी मेरे भाई जैसे हैं, वे मेरे परिवार के सदस्य हैं। उन्होंने खुद भी कई बार कहा है कि हमारा रिश्ता राजनीति से परे है। इससे पहले, तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेल्वा पेरुंथगई ने भी संकेत दिया था कि डीएमके-कांग्रेस गठबंधन अंतिम रूप से तय है और औपचारिक सीट बंटवारे की बातचीत 22 फरवरी से शुरू होगी।

उन्होंने कहा कि डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन बेहद मजबूत गठबंधन है। जनता पहले ही यह प्रमाणित कर चुकी है कि यह सरकार बनी रहेगी। हमें लगातार जीत हासिल करने में कोई संदेह नहीं है। सब कुछ अच्छा ही हो रहा है। 22 तारीख को होने वाली गठबंधन बातचीत सफलतापूर्वक संपन्न होगी।

# ओवैसी बोले– गोरी चमड़ी वाला हमें बताएगा तेल कहां से खरीदें?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में एआईएमआईएम सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक कार्यकारी आदेश का हवाला देते हुए केंद्र सरकार से स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की। ओवैसी ने कहा कि 6 फरवरी को जारी एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर के सेक्शन 4 में उल्लेख है कि यदि भारत रूस से तेल खरीदारी जारी रखता है तो उस पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया जा सकता है।

सांसद ओवैसी ने इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, वह 'गोरी चमड़ी वाला' कौन होता है जो हमें बताए कि हम किससे तेल खरीद सकते हैं? हमें आजादी इसलिए मिली ताकि हम खुद तय कर सकें कि किससे तेल खरीदना है। वे कौन होते हैं हमें बताने वाले? क्या वे हमारे माता-पिता हैं जो हम पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा सकते हैं? उन्होंने कहा कि भारत की विदेश नीति और ऊर्जा सुरक्षा के फैसले देश के राष्ट्रीय हितों के आधार पर होने चाहिए, न कि



किसी बाहरी दबाव में। ओवैसी ने सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्ट रुख अपनाने की मांग की और कहा कि भारत एक संप्रभु राष्ट्र है, जो अपने आर्थिक और रणनीतिक फैसले स्वयं लेने में सक्षम है।

इसके साथ ही ओवैसी ने आतंकवाद के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन इंसाफ होना चाहिए और मुंबई हमलों तथा अन्य आतंकी मामलों से जुड़े आरोपियों, हाफिज सईद, मसूद अजहर और जकी-उर-रहमान लखवी को भारत लाने के लिए ठोस प्रयास किए जाने चाहिए।

# 15 से 25 फरवरी तक वॉरशिप का मेला, ईरान-रूस के वॉरशिप एक ही कतार में

**-पहली बार फिलीपींस और यूएई के वॉरशिप इस आईएफआर में कर रहे डेब्यू**

**विशाखापत्तनम (एजेंसी)।** विशाखापत्तनम में 15 से 25 फरवरी तक वॉरशिप का मेला लगने वाला है। सुप्रीम कमांडर द्रौपदी मुर्मु का प्रेसिडेंशियल यॉट जब फ्लीट रिव्यू के लिए निकलेगा, तो दुनिया भर के वॉरशिप और नेवल पर्सनल सेल्यूट करते नजर आएंगे। रूस और अमेरिका के बीच चाहे कितनी भी खींचतान हो, लेकिन भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में दोनों ही देश अपने वॉरशिप के साथ मौजूद रहेंगे।

नौसेना के मुताबिक रूस की ओर से फ्रिगेट आरएफ़एस मार्शल शापोशनिकोव और अमेरिका की ओर से गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर पिंकनी हिस्सा ले रहे हैं। रूस और अमेरिका के वॉरशिप के साथ उसी कतार में ईरान का फ्रिगेट भी खड़ा दिखाई देगा। इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में ईरानी नौसेना अपना फ्रिगेट डेना शामिल कर रही है। साल 2026 के आईएफआर में दुनिया के कुल 137 देशों को न्योता दिया है। 70 से ज्यादा देशों ने अपनी हिस्सेदारी की सहमति दी है। इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू में भारत के तकरीबन 70 से ज्यादा वॉरशिप और सबमरीन शामिल होंगे, वहीं 20 से ज़्यादा विदेशी जंगी जहाज भी आ रहे हैं।

पहली बार फिलीपींस और यूएई के वॉरशिप इस आईएफआर में हिस्सा ले रहे हैं। साथ ही पहली बार जर्मनी के मेरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट पी-8 भी फ्लीट रिव्यू का हिस्सा बनेंगे। फिलीपींस का गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट मिगेल मालवार और यूएई नेवी का वॉरशिप अल अमारात फ्लीट रिव्यू में शामिल होंगे। फ्लाई-पास्ट में जर्मनी का लॉन्ग रेंज मेरीटाइम पेट्रोल एयरक्राफ्ट पी-8 भी उड़ान भरेगा। समय के साथ मित्र देशों की नौसेनाओं के साथ भारतीय नौसेना की भागीदारी लगातार बढ़ती जा रही है।

बता दें 17 फरवरी 2001 को राष्ट्रपति के आर नारायणन ने आईएनएस सुकन्या से फ्लीट का निरीक्षण किया था। पहले आईएफआर में 20 देशों के 97 वॉरशिप शामिल हुए थे, जिनमें 73 भारतीय और 24 विदेशी वॉरशिप थे। आईएफआर का दूसरा संस्करण विशाखापत्तनम में साल 2016 में आयोजित किया गया था। बंगाल की खाड़ी में आयोजित इस आईएफआर में पहले से ज्यादा देशों की नौसेनाओं ने हिस्सा लिया। कुल 50 देशों के तकरीबन 100 वॉरशिप पहुंचे थे। भारतीय समुद्री क्षेत्र में यह अब तक का सबसे बड़ा वॉरशिप जमावड़ा था।



# शाहपुरा में एलआईसी कर्मियों की हड़ताल से ठप रहा कामकाज, मुख्य द्वार पर दिया धरना







स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** अखिल भारतीय बीमा कर्मचारी संघ एवं संयुक्त यूनियनों के आह्वान पर आज एलआईसी कर्मियों ने हड़ताल कर एलआईसी कार्यालय के बाहर जोरदार धरना-प्रदर्शन किया। हड़ताल के कारण पूरे दिन कार्यालय में किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं हो सका, जिससे बीमा उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कर्मचारियों ने मुख्य द्वार को बंद कर बाहर ही धरना दिया और केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। धरना व प्रदर्शन में शाखा सचिव मोहम्मद अली, उम्मेद खान, प्रभात कुमार, अनिश कुमार, रामेश्वर लाल कहार, मनोज कुमार, महाबीर शर्मा, सुरेन्द्र सिंह, ऋषभ, अनुराग रोसिया, रौनक जोशी, भेरू मौजूद रहे।

धरने पर बैठे कर्मचारियों ने कहा कि बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई लागू करने का निर्णय जनविरोधी है। इससे सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियां कमजोर होंगी और निजी कंपनियों को सीधा लाभ मिलेगा। कर्मचारियों का आरोप है कि इससे रोजगार के अवसर घटेंगे और देश की पूंजी धीरे-धीरे विदेशी कंपनियों के हाथों में चली जाएगी। उन्होंने कहा कि बीमा जैसे संवेदनशील क्षेत्र का पूर्ण निजीकरण देशहित में नहीं है।

प्रदर्शनकारियों ने अमानवीय श्रम कानूनों का भी कड़ा विरोध किया। उनका कहना था कि नए श्रम कानूनों से श्रमिकों के मौलिक अधिकारों का हनन हो रहा है और इनसे केवल बड़े पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाया जा रहा है। कर्मचारियों ने नारे लगाते हुए कहा कि 'निजीकरण बंद करो', 'एफडीआई वापस लो' और 'कर्मचारी विरोधी नीतियां नहीं चलेंगी।'

संघ की ओर से सरकार के समक्ष प्रमुख मांगें रखी गईं। इनमें बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत एफडीआई के निर्णय को तत्काल वापस लेने, नई भर्तियां शुरू करने, पुरानी पेंशन योजना को पुनः लागू करने तथा कर्मचारियों से जुड़े सभी लंबित मामलों का शीघ्र समाधान करने की मांग शामिल है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर गंभीरता से विचार नहीं किया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

हड़ताल के चलते एलआईसी कार्यालय में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा। प्रीमियम जमा कराने, पॉलिसी संबंधी कार्य और अन्य सेवाओं के लिए पहुंचे उपभोक्ताओं को बिना काम कराए लौटना पड़ा। इससे लोगों में नाराजगी भी देखने को मिली।

धरने में बड़ी संख्या में एलआईसी कर्मियों ने भाग लिया और एकजुटता के साथ प्रदर्शन किया। प्रशासन की ओर से स्थिति पर नजर रखी गई और किसी प्रकार की अप्रिय घटना नहीं हुई। कर्मचारियों ने स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन केवल अपने अधिकारों के लिए ही नहीं, बल्कि सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनियों के भविष्य को बचाने के लिए भी है।

# तिलस्वां महादेव मेला: इस बार बदलेगी दर्शन व्यवस्था, अहीर समाज गेट से होगी एंट्री और शिव चौक से निकासी

**सात दिवसीय महाशिवरात्रि मेले की तैयारियां तेज; एसडीएम ने लिया जायजा, कुंड की पाल पर सजेंगी दुकानें और संतों के धूणे**

स्मार्ट हलचल

**बिजोलिया/तिलस्वां।** क्षेत्र के प्रसिद्ध आरोग्य स्थल श्री तिलस्वां महादेव में आयोजित होने वाले ऐतिहासिक सात दिवसीय महाशिवरात्रि मेले को लेकर प्रशासन अलर्ट मोड पर है। मेला मजिस्ट्रेट एवं उपखंड अधिकारी (एसडीएम) अजीत सिंह ने अधिकारियों के साथ मौका मुआयना कर व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



## दर्शन के लिए बदला रूट चार्ट

भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने इस बार दर्शन व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष रमेश अहीर और पुलिस अधिकारियों के साथ चर्चा के बाद निर्णय लिया गया कि मुख्य मंदिर में दर्शन के लिए एंट्री 'अहीर समाज के दरवाजे' से होगी, जबकि निकासी पूर्व दिशा की ओर स्थित 'शिव चौक' से रहेगी। इससे मंदिर परिसर में धक्का-मुक्की की स्थिति नहीं बनेगी।

## कुंड की पाल पर विशेष इंतजाम

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने निर्देश दिए कि प्रसाद, फूल-माला और अन्य दुकानें कुंड की पाल पर व्यवस्थित तरीके से लगाई जाएं। इसके अलावा, मेले में दूर-दराज से आने वाले साधु-महात्माओं के ठहरने और धूणे की व्यवस्था भी कुंड की पाल पर ही की जाएगी।

## ये रहे मौजूद

निरीक्षण दल में तहसीलदार ललित डिडवानिया, विकास अधिकारी अशेष शर्मा, सीआई स्वागत पांड्या, चिकित्सा अधिकारी डॉ. बुद्धि प्रकाश मीणा, पंचायत प्रशासक कैलाश रेगर, अतिरिक्त विकास अधिकारी रामेश्वर लाल बैरवा, गिरदावर संजय पाराशर, मुख्य पुजारी घनश्याम पाराशर, जेईएन नरेन्द्र धाकड़, कास्या चौकी प्रभारी नरेश सुखवाल, सचिव छुटन शर्मा और पटवारी दीपक धाकड़ सहित मंदिर ट्रस्ट व विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# दिगंबर जैन मुनि योगसागर महाराज संघ को श्री फल भेट कर बिजोलिया आने के लिए किया निवेदन



स्मार्ट हलचल

**बिजौलियाँ।** बिजोलिया दिगंबर जैन समाज के महिला मंडल और नवयुवक मंडल ने गुरुवार को कोटा में दिगंबर जैन मुनि योगसागर महाराज संघ को बिजोलिया आने के लिए निवेदन किया और श्रीफल भेंट किया।

बिजोलिया दिगंबर जैन पारसनाथ तीर्थ क्षेत्र पर 7 मार्च को केवल ज्ञान दिवस पर वार्षिक मेले का आयोजन होता है उसी में दिगंबर जैन मुनि संघ को आने के लिए निवेदन किया है।

नवयुवकमंडल में पंकज हरसोरा विवेक हरसोरा आशीष जैन शुभम लुहारिय। कस्तूरचंद जैन कस्तूरचंद जैन और महिला मंडल में श्रीमती शांता क।ला श्रीमती नेहा क।ल। और महिला मंडल शामिल था।

2 दिन पूर्व दिगंबर जैन पारसनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी कोषाध्यक्ष दिनेश क।ला गुलाबचंद सेठिया सुरेश लुहारिया चांदमल अजमेरा उम्मेदमल हरसोरा नेभी दिगंबर जैन मुनि संघ को बिजोलिया के लिए निवेदन किया।

# पत्थरगढ़ी से पूर्व सीमा ज्ञान के आदेश पर पुनर्विचार की मांग

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

जिला अभिभाषक संस्था अध्यक्ष उम्मेदसिंह राठौड़, उपाध्यक्ष महिपाल सिंह राणावत, महासचिव पंकज दाधीच, रेवेन्यू महासचिव मनोहर लाल बुनकर, कोषाध्यक्ष रवि गोरानी, सह सचिव आदित्य सिंह चौहान, पुस्तकालय सचिव प्रताप तेली के निर्देशन मे अधिवक्ताओ ने जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर मांग की है कि पत्थरगढ़ी से पूर्व सीमा ज्ञान के आदेश पर पुनर्विचार किया जाये।

रेवेन्यू महासचिव बुनकर ने बताया कि राजस्थान लैंड रेवेन्यू एक्ट कि धारा 111व 128 के तहत काश्तकार के कृषि आराजी की पत्थरगढ़ी का प्रावधान है जहा आस-



पास के पड़ोसियों की उपस्थिति मे पत्थरगढ़ी तहसीलदार द्वारा की जाती है। अभी हाल ही मे जिला कलेक्टर द्वारा एक आदेश इस आशय का पारित किया कि पत्थरगढ़ी से पूर्व सीमा ज्ञान कराया जावे जबकि राजस्थान लैंड रेवेन्यू एक्ट की धारा 111 व 128 मे सीमा ज्ञान कराने का प्रावधान नहीं है तथा ऐसे आदेश से काश्तकारो को अनावश्यक समय एवं धन की क्षति होती है क्योंकि सीमा ज्ञान हेतु प्रस्तुत होने पर अनावश्यक तौर पर पटवारी के यहां चक्कर काटने पड़ेंगे। पटवारी को सरकार द्वारा पहले से ही अतिरिक्त कार्यभार दे रखा है इस कारण पटवारी अपने कार्यालय पर मिलते भी नहीं है इस कारण काश्तकार को अनावश्यक पीड़ा हो रही है। यह आदेश अत्यंत पीड़ादायक है जबकि पूर्व मे पत्थरगढ़ी की कार्यवाहिया कानूनन रूप से संपादित हो रही है इस कारण इस आदेश पर पुनर्विचार किया जाना आवश्यक है।

ज्ञापन देने के दौरान कृष्णगोपाल शर्मा, रणवीर सिंह राणावत, मांगीलाल सेन, सुरेश सुवालका, पीरू सिंह गौड़, योगेश चौधरी, ओम प्रकाश पटवारी, निक्कीबाला अरोड़ा, कन्हैलाल सेन, गायत्री पटवा, ज्योति जागेटिया, सरिता स्वर्णकार, बालूलाल उपाध्याय, पल्लवी गुप्ता, अनुराग आडोत, मीना सोनी, मानवी कुमावत, पूजा नाथ योगी सहित कई अधिवक्ता मौजूद थे।

# हरनी महादेव में महाशिवरात्रि मेला, नगर निगम ने संभाली कमान

**15 से 17 फरवरी तक चलेंगे धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम, कवि सम्मेलन और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ होंगी आकर्षण**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

हरनी महादेव मंदिर परिसर में महाशिवरात्रि के अवसर पर तीन दिवसीय मेले का आयोजन भीलवाड़ा नगर निगम द्वारा किया जा रहा है। यह मेला 15 फरवरी से 17 फरवरी 2026 तक आयोजित होगा, जिसमें श्रद्धालुओं के लिए धार्मिक, सांस्कृतिक और साहित्यिक कार्यक्रमों की श्रृंखला रखी गई है । निगम सूत्रों के अनुसार आयोजन के तहत 15 फरवरी को भजन संध्या कार्यक्रम होगा, जिसमें लहक धास एण्ड पार्टी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। 16 फरवरी को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिसमें मनोज प्रिया एण्ड पार्टी अपनी प्रस्तुति देंगे। वहीं 17 फरवरी को कवि सम्मेलन का आयोजन किया




जाएगा, जिसमें हास्य कवि कृष्ण बिहारी, दिनेश देशी, मनोज गुर्जर सहित अन्य कवि अपनी रचनाओं से श्रोताओं को गुदगुदाएंगे। कार्यक्रम का संचालन आदित्य जैन करेंगे।

नगर निगम की ओर से मेले को लेकर साफ-सफाई, सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर आयोजन का लाभ लेने की अपील की है।

# बलात्कार के आरोपी को 7 वर्ष का कठोर कारावास, 20 हजार जुर्माना

स्मार्ट हलचल

**शाहपुरा।** शाहपुरा के फुलिया कला थाना क्षेत्र के कनेछन कला गांव में वर्ष 2019 में हुई दुष्कर्म की घटना में न्यायालय ने आरोपी को कठोर सजा सुनाई है। विशिष्ट न्यायाधीश, महिला उत्पीड़न प्रकरण, भीलवाड़ा ने मामले में सुनवाई पूरी करते हुए आरोपी हेमराज पुत्र लादूलाल बेरवा निवासी कनेछन कला को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं में दोषी मानते हुए दंडित किया।



प्रकरण के अनुसार 19 दिसम्बर 2019 को पीड़िता बकरियां चराने गई थी। इसी दौरान कब्रिस्तान के रास्ते अमर सिंह जी की नाड़ी की पाल पर आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती दुष्कर्म किया। पीड़िता के पति सिकंदर ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी धक्का-मुक्की कर वहां से फरार हो गया। बाद में पीड़िता को लेकर परिवादी थाने पहुंचा और लिखित रिपोर्ट दी।

पुलिस ने प्रकरण संख्या 174/19 में धारा 323 व 376 भादसं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। अनुसंधान अधिकारी द्वारा पीड़िता के बयान, मेडिकल जांच, घटनास्थल निरीक्षण, जब्ती कार्यवाही तथा धारा 164 के तहत बयान सहित आवश्यक साक्ष्य संकलित किए गए। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद उसका भी मेडिकल कराया गया तथा उसके पहने कपड़े जब्त कर एफएसएल जांच हेतु जयपुर भेजे गए। जांच पूर्ण होने पर आरोपी के विरुद्ध न्यायालय में चालान पेश किया गया।

विशिष्ट लोक अभियोजक अदिति सेठिया द्वारा न्यायालय में 13 गवाह और 23 दस्तावेज पेश किए गए। साक्ष्यों एवं गवाहों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 376 भादसं में 7 वर्ष का कठोर कारावास व 20,000 रुपये जुर्माना, धारा 341 में 1 माह का कारावास व 500 रुपये जुर्माना तथा धारा 323 में 6 माह का साधारण कारावास व 1,000 रुपये जुर्माना की सजा सुनाई। सभी सजाए साथ साथ चलेगी।

# गेहूं की फसल सिंचाई के दौरान सांप के काटने से किसान की मौत


स्मार्ट हलचल

**खामोर।** क्षेत्र के नई राज्यास में खेत पर गेहूं की फसल की सिंचाई करते समय सांप के काटने से किसान की मौत हो गई।जानकारी के अनुसार नई राज्यास निवासी मोहन लाल पुत्र छोगा किर सुबह खेत पर गेहूं की सिंचाई करने गया था, दोपहर में खेत पर सिंचाई करते वक्त सांप ने काट लिया।मोहन खेत से बाहर निकल कर घर के लिए रवाना हुआ।राहगीर ने परिजनों को सूचित किया जिसके बाद परिजनों ने अचेत अवस्था में मोहन को शाहपुरा सेटेलाइट चिकित्सालय पहुंचाया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे भीलवाड़ा महात्म गांधी चिकित्सालय रेफर किया गया।शाहपुरा से मोहन को भीलवाड़ा ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।मृतक का शव भीलवाड़ा जिला अस्पताल में रखवाया गया।आज पोस्टमार्टम होगा।घटना की रिपोर्ट मृतक के भाई उदालाल किर ने फुलिया कलां थाने में दी।

# कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने गिनाईं जिले को मिली सौगातें

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

राज्य सरकार की बजट घोषणाओं के बाद जिला प्रशासन सक्रिय हो गया है। जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने बुधवार को अधिकारियों के साथ बैठक कर बजट में जिले के लिए की गई घोषणाओं की जानकारी दी और उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश जारी किए। कलेक्टर ने कहा कि बजट में जिले के लिए कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं स्वीकृत हुई हैं, जिनसे शहर और ग्रामीण अंचलों दोनों में विकास को नई गति मिलेगी।



कलेक्टर संधू ने बताया कि इस बार बजट में सड़क, जल निकासी, स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल विकास और शहरी सुविधाओं के विस्तार पर विशेष जोर दिया गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं की डीपीआर, टेंडर और क्रियान्वयन की प्रक्रिया समयबद्ध तरीके से पूरी की जाए, ताकि आमजन को जल्द से जल्द लाभ मिल सके।

उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। हर विभाग को अपने-अपने प्रोजेक्ट्स की नियमित मॉनिटरिंग करनी होगी। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि बजट घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि जमीन पर दिखाई दें— यही प्रशासन की प्राथमिकता होगी।

# आरटीआई में लापरवाही पर ग्राम विकास अधिकारी पर गिरी गाज

**पट्टे की नकल देने में की देरी और आयोग के नोटिस को किया नजरअंदाज; वेतन से भीकटौती कर राशि जमा कराने के आदेश**

स्मार्ट हलचल | खजूरी

सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत समय पर जानकारी उपलब्ध न कराना और राज्य सूचना आयोग के आदेशों की अवहेलना करना खजूरी ग्राम पंचायत के लोक सूचना अधिकारी को भारी पड़ गया। आयोग ने सख्त कदम उठाते हुए तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी सियाराम मीणा पर जुर्माना लगाया है।



## पट्टे की प्रतिलिपि के लिए भटकता रहा प्रार्थी

मामला खजूरी उप तहसील का है, जहां रंजीत मीणा (पुत्र मांगीलाल मीणा) ने 9 नवंबर 2024 को आरटीआई के तहत छीतर मीणा के पट्टे की प्रतिलिपि मांगी थी। निर्धारित समय सीमा में सूचना नहीं मिलने पर प्रार्थी ने द्वितीय अपील (क्रमांक 2025/004330) दायर की। आयोग की सख्ती के बाद 30 जून 2025 को सूचना तो उपलब्ध कराई गई, लेकिन यह काफी विलंब से दी गई।

## नोटिस का जवाब नहीं देने पर हुई कार्रवाई

सुनवाई के दौरान यह सामने आया कि आयोग ने 28 मार्च 2025 और 26 मई 2025 को नोटिस जारी कर जवाब मांगा था, लेकिन लोक सूचना अधिकारी सियाराम मीणा ने कोई संतोषजनक जवाब (परिवादोत्तर) पेश नहीं किया। इसके बाद 13 जनवरी 2026 को पुनः नोटिस जारी किया गया। आयोग ने इसे आरटीआई अधिनियम 2005 की धारा 20(1) का उल्लंघन और अवमानना मानते हुए ग्राम विकास अधिकारी सियाराम मीणा को दोषी करार दिया। आयोग ने उन पर 1000 रुपये का जुर्माना लगाया है। आदेश के अनुसार, यह राशि उनके वेतन से काटकर 15 दिनों के भीतर आयोग जयपुर भिजवानी होगी।

# भाजपा ओबीसी मोर्चा श्रमिक संवाद सम्मेलन 13 को

**ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कुमावत शिरकत करेंगे**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भाजपा जिला संगठन भीलवाड़ा के नेतृत्व एवं भाजपा ओबीसी मोर्चा के तत्वाधान श्रमिक संवाद सम्मेलन 13 फरवरी को भाजपा जिला कार्यालय में प्रातः 10:30 बजे आयोजित होगा। जिसमें ओबीसी मोर्चा नवनियुक्त प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र कुमावत मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत करेंगे श्रमिक संवाद कार्यक्रम भाजपा जिला अध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा कि अध्यक्षता में आयोजित होगा। भाजपा जिला मीडिया संयोजक महावीर समदानी ने जानकारी देते हुए बताया कि भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष भगवत सिंह राठौड़ ने तैयारियां को लेकर बताया कि जिले भर से भाजपा पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि, कार्यकर्ता उनका स्वागत अभिनंदन करेंगे।

# पोक्सो केस में सैंपल से छेड़छाड़? कोर्ट सख्त, एसपी को जांच के निर्देश

**विशिष्ट न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र बोले— यह न्यायिक प्रक्रिया में गंभीर हस्तक्षेप या बड़ी साजिश? दोषियों पर हो कड़ी कार्रवाई**

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

पोक्सो कोर्ट संख्या (1) के विशिष्ट न्यायाधीश बालकृष्ण मिश्र ने आज एक मामले में डीएनए सैंपल से छेड़छाड़ की आशंका को गंभीर मानते हुए पुलिस अधीक्षक को गहन जांच के निर्देश दिए हैं। अदालत ने अभियुक्त को बरी करते हुए सवाल उठाया कि जब सैंपल सही तरीके से भेजे गए थे, तो रिपोर्ट में ऐसा असंभव परिणाम कैसे आया?

विशिष्ट लोक अभियोजक धर्मवीर सिंह कानावत ने बताया कि प्रकरण में पीड़िता, उसके माता-पिता और भ्रूण के सैंपल प्रयोगशाला भेजे गए थे, लेकिन एफएसएल रिपोर्ट में तीनों का डीएनए आपस में मेल नहीं खाने की बात सामने आई। सवाल यह है कि क्या यह तकनीकी भूल थी या सैंपल से छेड़छाड़ की गई? न्यायालय ने इसी संदेह के चलते विशेषज्ञ साक्षी को तलब किया। विशेषज्ञ ने बताया कि ऐसी स्थिति गलत सैंपलिंग या सैंपल बदले जाने के कारण भी हो सकती है।

न्यायालय ने अपने आदेश में टिप्पणी की कि यह अत्यंत गंभीर विषय है, क्योंकि इससे न्यायिक प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर सीधा प्रश्नचिह्न लग जाता है। यदि ऐसी कारगुजारियों पर सख्ती से रोक नहीं लगाई गई तो क्या आमजन का न्याय व्यवस्था से विश्वास नहीं उठेगा? और क्या इससे सामाजिक अव्यवस्था की स्थिति पैदा नहीं होगी?

अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि इस मामले में यह पता लगाया जाए कि सैंपल से छेड़छाड़ किस स्तर पर हुई? और किसके द्वारा की गई? पूरे प्रकरण की गहनता से जांच कर दोषियों के खिलाफ विधि अनुसार कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

# हवाला कारोबार से जुड़े दो युवक गिरफ्तार, 24 लाख से ज्यादा की राशि बरामद

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भीलवाड़ा में बढ़ते हवाला कारोबार पर पुलिस ने शिकंजा कसा है और बड़ी कार्यवाही करते हुए हवाला कारोबार करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्त में ले लिया है । यह कार्यवाही कोतवाली थाना पुलिस ने की है । दो आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 24 लाख 10 हजार रु की राशि बरामद की है। दोनों युवक कन्नुकांति के हवाला कारोबार में संलिप्त है। आरोपी गोपाल सिंह और सिद्धराज सिंह को पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार किया है । एसपी धर्मेन्द्र सिंह के आदेशानुसार जिले में अवैध कार्य करने वाले अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एसपी पारसमल जैन के सुपरवीजन मे और आयुश श्रोत्रिय आई. पी.एस. प्रो., सज्जन सिंह पुलिस उप-अधीक्षक वृत शहर व शिवराज गुर्जर थानाधिकारी थाना कोतवाली के नेतृत्व में विषेश टीम का गठन किया गया।




## घटना का विवरण

एएसआई सुरेश कुमार मय जाप्ता के साथ सर्कल में गश्त कर रहे थे इसदौरान आयुश श्रोत्रिय आई. पी.एस. प्रो. जिला भीलवाडा ने सूचना दी की गोल प्याउ चैराहा के पास एक गली में दो लडके अपने कब्जे में बैग लेकर जा रहे है, जिसमें पैसे भरे होने की पूर्ण संभावना है। जिस पर गोल प्याउ चैराहा के पास महावीर सुगंध वाली गली में आयुश श्रोत्रिय आईपीएस प्रो. व पुलिस थाना कोतवाली की टीम तुरन्त मौके पर पहुंचें जहां दो लडके अपने हाथ में बैग लेकर जा रहे थे। उक्त दोनों आरोपियों को डिटेन कर पूछताछ की दोनों को चेक किया तो बैग के अंदर 500-500 व 200-200 रूपयों के नोटों की गड्डियां भरी हुई मिली। उक्त लडकों के पास कोई वैध लाईसेंस, रसीद या रजिस्ट्रेशन नहीं होने के कारण उक्त रूपयों से भरे बैग को धारा 106 बीएनएसएस 2023 में जप्त किया और दोनों आरोपी गोपाल सिंह व सिद्धराज सिंह को गिरफ्तार किया गया।

## पुलिस टीम:-

1.आयुष श्रोत्रिय आई.पी.एस. प्रो. जिला भीलवाडा, 2. शिवराज गुर्जर थानाधिकारी थाना कोतवाली, 3. सुरेश कुमार एएसआई, 4. कांस्टेबल महावीर सिंह, 5.राजेश कुमार, 6.धर्मेन्द्र कुमार, 7.नंदकिशोर

## ये हुए गिरफ्तार

1. गोपाल सिंह पुत्र मानसिंह परमार जाति राजपूत उम्र 30 साल निवासी छज्जुखेडी थाना राघवी जिला उज्जैन मध्यप्रदेश 2. सिद्धराज सिंह पुत्र भमु उर्फ भंवर सिंह वाघेला राजपूत उम्र 30 साल निवासी कंथरावी थाना उनावा जिला मेहसाना गुजरात

# निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 को

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा राज्य में अर्हता दिनांक 01.01. 2026 के संदर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत निर्वाचक नामावलियों के अंतिम प्रकाशन की तिथि में संशोधन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन दिनांक 14 फरवरी के स्थान पर अब दिनांक 21 फरवरी को किया जायेगा।

# कलाल समाज प्रतिभा का प्रदर्शन कर हर क्षेत्र में फहराए अपना परचम-प्रशांत मेवाड़ा

## क्षत्रिय मेवाड़ा कलाल समाज का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह व समाज की महिला कार्यकारिणी का हुआ गठन

स्मार्ट हलचल | मांडलगढ़





क्षेत्र स्थित पावन शक्तिपीठ जोगणिया माताजी जी स्थित क्षत्रिय मेवाड़ा कलाल की धर्मशाला में आज गुरुवार को नववर्ष स्नेह मिलन समारोह व समाज की महिला कार्यकारिणी का गठन हर्षोल्लास से किया गया। इससे पूर्व अतिथतियो द्वारा धर्मशाला में स्थित भगवान सहस्त्रबाहु अर्जुन जी के मंदिर में मूर्ति पर दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया गया। आयोजन के मुख्य अतिथि भीलवाड़ा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा ने समाजजनों को अपने संबोधन में कहा कि मेवाड़ा कलाल समाज क्षेत्र में अल्प संख्या में लेकिन समाज में कई प्रतिभाएं मौजूद है जो राजनीति, खेल, शिक्षा, चिकित्सा, व्यापार सहित अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर समाज का नाम रोशन कर सकती है ऐसे में सभी प्रतिभाएं आगे आकर अपनी शक्ति का अव्वल प्रदर्शन करें। जिलाध्यक्ष मेवाड़ा ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार से समाज को हर प्रकार से मांग के अनुसार मदद उपलब्ध करवाई जायेगी। उन्होंने बालिका शिक्षा, समाज सुधार, कुरीतियों कंत्याग करने सहित प्रेरणादायक सम्बोधन दिया। समारोह के दौरान मेवाड़ा समाज के अध्यक्ष कन्हैयालाल मेवाड़ा एवं पदाधिकारियों द्वारा भाजपा जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा को जोगणियां माता जी की तस्वीर, राजस्थानी पगड़ी, दुप्पटा पहनाकर समाज की ओर से सम्मानित किया गया। समारोह को पूर्व अध्यक्ष पुष्कर सत्यनारायण मेवाड़ा, डॉ रतनलाल सुवालका देवली, संरक्षक देवीलाल मेवाड़ा बेगू, गोपाललाल मेवाड़ा, सत्यनारायण मेवाड़ा बिजोलिया, सहित अन्य पदाधिकारियों ने सम्बोधित कर समाजजनों का मार्गदर्शन किया। समारोह में समाज द्वारा श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ नववर्ष स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह परिसर में भक्ति और सामाजिक एकता का वातावरण बना। समारोह में समाज की मातृशक्ति को विशेष सम्मान देते हुए प्रथम बार नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई जिसमे ममता देवी पत्नी सीपी मेवाड़ा बिजोलिया को अध्यक्ष, उपाध्यक्ष पद पर दुर्गा देवी पत्नी ललित मेवाड़ा मांडलगढ़, कौशल्या मेवाड़ा, भूमिका मेवाड़ा तथा कैलाश देवी मेवाड़ा होड़ा को दायित्व दिया गया। रचना मेवाड़ा को सचिव नियुक्त किया गया। समारोह के दौरान मेवाड़ा समाज के वरिष्ठजन एवं बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे। समाज के उपाध्यक्ष सत्यनारायण मेवाड़ा टहला, कोषाध्यक्ष ललित मेवाड़ा, सचिव कमलेश मेवाड़ा धामंचा सहित अनेक गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रचना मेवाड़ा एवं मनोज मेवाड़ा गोपालपुरा द्वारा किया गया।

गिव अप अभियान

# अपात्र लाभार्थियों को 28 फरवरी, 2026 तक अन्तिम मौका

## अंतिम तिथि के पश्चात गिवअप नहीं करने वालों के विरूद्ध होगी कार्रवाई

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्रारंभ किया गया 'गिव अप अभियान' रोज नये कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जिले ने इस अभियान में अव्वल रहते हुए अबतक 2 लाख 50 हजार 224 लोगों से 'गिव अप' करवाकर ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। ईकेवाईसी के माध्यम से 75 हजार 555 लोग भी एनएफएसए योजना से हटे हैं। इस प्रकार कुल 3 लाख 25 हजार 779 अपात्र लोगों को एनएफएसए योजना से हटाया गया। इन अपात्र लोगो के हटने से 2 लाख 71 हजार 546 पात्र किन्तु वंचित लोगों को एनएफएसए योजना में जोड़ने में जिले को सफलता मिली है। एक ओर जहां एनएफएसए योजना से हटाये लोगों पर वहन होने वाली खाद्य, गैस, बीमा, चिकित्सा सब्सिडी से बचत होगी वहीं दूसरी ओर नये एनएफएसए लाभार्थियों को इन चार योजनाओं का लाभ मिल सकेगा।

जिला रसद अधिकारी अमरेन्द्र कुमार मिश्र ने बताया कि 'गिव अप' योजना के तहत चार पहिया वाहन मालिकों, सरकारी कार्मिकों, आयकर दाताओं तथा 01 लाख से अधिक वार्षिक आय वाले लोगों ने एनएफएसए लाभ का त्याग कर सामाजिक उत्तरदायित्व का परिचय दिया है। 'गिवअप' अभियान ने समाज में जागृति पैदा की है एवं लोग भारी संख्या में ऑनलाईन एवं ऑफलाईन 'गिव अप' कर सामाजिक कर्त्तव्य का निर्वहन कर मिसाल कायम कर रहे हैं। इस अभियान में समाज के हर वर्ग के लोगों, जनप्रतिनिधियों एवं सोशियल, प्रिन्ट, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। खाद्य विभाग के कार्मिकों एवं उचित मूल्य दुकानदारों ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।


विभाग ने एम.एस.पी. पर 100 क्विंटल से अधिक गेहूँ बेचने वाले लाभार्थी परिवारों की सूची उपलब्ध कराई है जिनकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। वर्तमान में यह योजना 28 फरवरी 2026 तक के लिए है। 28 फरवरी 2026 तक स्वेच्छा से गिव अप नहीं करने वाले अपात्र लाभार्थियों से 01 मार्च 2026 से 30 रूपये 57 पैसे प्रति किलोग्राम गेहूँ की दर से खाद्यान्न वसूली की जायेगी।

# एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स चौकी का शुभारंभ

## एडीजीपी दिनेश एमएन और आईजी विकास कुमार ने किया वर्चुअल उद्घाटन

### नशे के नेटवर्क पर कसेगा शिकंजा

स्मार्ट हलचल | पुनित चपलोत




**भीलवाड़ा।** जिले में बढ़ते नशे के नेटवर्क पर अंकुश के लिए भीलवाड़ा में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) की नई चौकी का गुरुवार को विधिवत शुभारंभ किया गया। एडीजीपी दिनेश एमएन और आईजी विकास कुमार ने वर्चुअल माध्यम से चौकी का उद्घाटन किया।

राज्य स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भीलवाड़ा के साथ भरतपुर, नागौर, प्रतापगढ़ और पाली में भी एएनटीएफ चौकियां शुरू की गई हैं। इसका उद्देश्य संगठित मादक पदार्थ तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाना और जमीनी स्तर पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करना है।

भीलवाड़ा में यह चौकी फिलहाल यूआईटी के पीछे लायंस हॉस्पिटल के पास किराए की बिल्डिंग में संचालित की जा रही है। चौकी की कमान एएसआई अयूब खां को सौंपी गई है। उनके साथ चार कांस्टेबल राजाराम, सुरेश, नारायण और राधेश्याम की तैनाती की गई है। टीम को दो मोटरसाइकिल और आधुनिक हथियार उपलब्ध कराए गए हैं ताकि किसी भी सूचना पर तुरंत दबिश दी जा सके।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नशे के कारोबार को जड़ से खत्म करने के लिए यह चौकी विशेष निगरानी, गुप्त सूचना संकलन और त्वरित कार्रवाई पर काम करेगी। चौकी प्रभारी ने आमजन से अपील की है कि वे नशे से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी सीधे एएनटीएफ को दें। सूचना देने वाले की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि नशे के खिलाफ यह मुहिम लगातार और सख्ती से जारी रहेगी तथा जिले को नशामुक्त बनाने की दिशा में ठोस कार्रवाई की जाएगी।

# हमीरगढ़ में भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ का भव्य स्वागत, महिलाओं के उत्थान का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल | मंगरोप



भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ गुरुवार को चित्तौड़गढ़ प्रवास के दौरान हमीरगढ़ पहुंचीं।प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद यह उनका पहला हमीरगढ़ आगमन था।इस अवसर पर नगर पालिका प्रशासक रेखा परिहार के नेतृत्व में हमीरगढ़ महिला मोर्चा एवं भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने जेसीबी से पुष्पवर्षा कर, माला व दुपट्टा ओढ़ाकर उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया।स्वागत समारोह के दौरान आयोजित सभा को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष राखी राठौड़ ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा महिलाओं के सर्वांगीण विकास, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने संगठन की प्रत्येक कार्यकर्ता से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम पंक्ति की महिला तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएं और महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करें।सभा के पश्चात राखी राठौड़ ने पहाड़ी पर स्थित प्रसिद्ध चामुंडा माता मंदिर पहुंचकर दर्शन किए और प्रदेश व क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर नगर पालिका प्रशासक रेखा परिहार, भाजपा मंडल महामंत्री जगदीश वैष्णव, विष्णु ओझा, जिला किसान मोर्चा महामंत्री शैलेंद्र व्यास, सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक व्यास, शक्ति केंद्र संयोजक दिनेश व्यास, सुरेश खटीक, भैयाजी सोनी, विनोद सोनी, छोटू जडिया, कैलाश तेली, कन्हैयालाल कीर, श्रीराम पारीक, पार्षद पिंकी रेगर, डिम्पल टेलर, भेरूलाल प्रजापत, कैलाश सिंह, गीता देवी, कन्हैयालाल किर, जगदीश पुरोहित, कल्याणमल व्यास, पार्षद लोकेश जाट, रेखा टेलर, रिंकू सोनी सहित बड़ी संख्या में महिला मोर्चा व भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान पूरे नगर में उत्साह एवं उमंग का माहौल देखने को मिला।

# जयपुर विजिलेंस टीम की आकस्मिक जांच से मचा हड़कंप



**गंगरार।** अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग के निर्देशानुसार शासन उप सचिव एवं अतिरिक्त निदेशक (निरीक्षण) सुनील कुमार शर्मा के नेतृत्व में राज्य स्तरीय निरीक्षण दल के सदस्य अनुभागाधिकारी महेन्द्र कुमार सरावता, चेना राम भदाला, सहायक अनुभागाधिकारी, वीर सिंह, तरूण मीणा, लिपिक ग्रेड-द्वितीय सुरेन्द्र सिंह नौहवार द्वारा गुरुवार को 09.40 बजे उपखण्ड स्थित विभिन्न राजकीय कार्यालयों/विभागों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

सरकारी कार्यालय में जयपुर विजिलेंस की दस्तक से अधिकारी कर्मचारी इधर-उधर नजर आए भागते दिखाई दिए। उपखंड मुख्यालय पर स्थित विभिन्न सरकारी कार्यालय में उस वक्त हड़कंप मच गया, जब जयपुर से आई विशेष विजिलेंस टीम श्रम विभाग के अधिकारियों ने अचानक प्रात्त 9:45 पर कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर विभिन्न विभागों के उपस्थिति रजिस्टर अपने कब्जे में ले लिए। टीम की कार्यवाही से अफसरों और कर्मचारियों में अफरातफरी का माहौल बन गया।

जानकारी के अनुसार इस दौरान कार्यालयों में कर्मचारियों व अधिकारियों की उपस्थिति ना के बराबर थी, कई दफ्तरों में देर से पहुंचने वालों की सांसे अटक गई तो कुछ कार्मिक अपने साथी कार्मिकों को फोन द्वारा सूचित कर शीघ्र कार्यालय में पहुंचने की सूचना देते नजर आए। श्रम विभाग के अधिकारियों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत समिति, ग्राम पंचायत, तहसील, उपखंड कार्यालय व सीबीओ कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कर्मचारियों व अधिकारियों की उपस्थिति रजिस्टरों को जप्त किया गया।

# 108 हेक्टर चारागाह भूमि पर वन वीभाग व अन्य व्यक्तियों का कब्जा

स्मार्ट हलचल | खजूरी



उपतहसील मुख्यालय के खजूरी पंचायत में खजूरी गांव की 108 हेक्टर चरागाह भूमि पर वन विभाग व अन्य व्यक्तियों ने कब्जा कर रखा है उक्त अतिक्रमण हटाने के लिए पंचायत एवं गांव वासीयो द्वारा उपखंड अधिकारी जहाजपुर जिला वन अधिकारी जिला परिषद सीईओ तहसीलदार व वनपाल आदि को ज्ञापन प्रस्तुत किया लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई इसलिए ग्राम वासियों द्वारा इकट्ठे होकर जहाजपुर उपखंड अधिकारी व विधायक महोदय को खजूरी 108 हेक्टर गोचर भूमि पर हो रहे वन विभाग व अन्य व्यक्तियों द्वारा किया गया अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव से हटाने के लिए ज्ञापन दिया गया उक्त अतिक्रमण को जल्द हटाया जाए अन्यथा ग्राम वासियों द्वारा बड़ा आंदोलन करने की चेतावनी दी ग्राम वासियों ने जिला कलेक्टर से मं मांग की इस मामले में त्वरित हस्तक्षेप कर संबंधित विभाग को दिशा निर्देश देने की मांग की ग्राम वासियों द्वारा बताया खजूरी गांव में 108 हेक्टर भूमि गोचर है लेकिन स्थिति में एक हेक्टर भी अतिक्रमण मुक्त नहीं है जिससे मवेशियों को घास चरने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है और मैं इसी अन्य खेतों में घुस जाते हैं और उन्हें वहां पर चोटिल होना पड़ता है जबकि सरकार द्वारा स्पष्ट निर्देश है की गोचर भूमि पर हो रहे अतिक्रमण को तुरंत प्रभाव हटाने का निर्देश मिले हुए हैं लेकिन सरकारी विभाग द्वारा ही गोचर भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है तो आम व्यक्तियों से क्या उम्मीद की जाए ग्राम वासियों द्वारा बताया गया की नरेगा के तहत होने वाले कार्य भी स्वीकृत है लेकिन 108 हेक्टर भूमि पर अतिक्रमण होने से नरेगा में लगने वाले मजदूर भी रोजी-रोयोटी के लिए तरसे हैं ज्ञापन देने में सरपंच कालू बलाई संजय पारीक सौरभ पारीक भोजुबेलाई भागचंद धोबी बर्दीचंद तेली रामपाल मीणा शिवराज मीणा चंद्रप्रकाश पारीक लोकेश तेली पंकज राव मुकेश बलाई गोविंद प्रजापत नरेंद्र पारीक मुकेश प्रजापत प्रशांत पारीक एवं गौशाला सदस्य भी मौजूद रहे इन्होंने विधायक से भी अनुरोध किया उक्त अतिक्रमण को हटाने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश देवे।

# सामरिया ने संभाला पालिका प्रशासक का कार्यभार



**बेगूं।** उपखंड अधिकारी अंकित सांवरिया ने नगर पालिका के प्रशासक के रूप में कार्यभार संभाल लिया है।

राजस्थान में निर्वाचित नगर निकायों (नगर परिषद, नगर पालिका) का कार्यकाल समाप्त होने के बाद राज्य सरकार एवं जिला कलक्टर के निर्देशानुसार उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया ने गुरुवार को नगर पालिका में प्रशासक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। अब निर्वाचित बोर्ड के गठन तक नगर पालिका क्षेत्र में हो रहे विकास कार्यों, प्रशासनिक व्यवस्थाओं को उपखंड अधिकारी अंकित सामरिया संभालेंगे। कार्यभार ग्रहण करते समय विधायक प्रतिनिधि पंचायत समिति सदस्य शंभू लाल धाकड़ द्वारा प्रशासक सामरिया का माल्यार्पण, तिलक लगा साफा बंधवाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी विष्णु कुमार यादव, गोविंद मेहर, दिनेश शर्मा, कमलेश धाकड़, करण सिंह, नरेंद्र सेनी, रोहित प्रजापत, सोनू माली, सतीश पंचोली आदि मौजूद रहे।

# रामपुरा आगूचा माइंस में ओएसएच कोड 2020 पर जागरूकता सत्र का आयोजन

स्मार्ट हलचल



**भीलवाड़ा।** खान सुरक्षा महानिदेशालय उत्तर-पश्चिम क्षेत्र, उदयपुर के निदेशक (यांत्रिक), संदीप श्रीवास्तव ने रामपुरा आगूचा माइन्स का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने साइट के अधिकारियों और महिला कर्मचारियों सहित सभी अनुबंध श्रमिकों के साथ व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य स्थिति ओएसएच कोड, 2020 पर एक विस्तृत जागरूकता सत्र आयोजित किया।

इस सत्र में खान प्रबंधन के वरिष्ठ नेतृत्व ने भी भाग लिया, जिसमें यूनिट हेड विकेश चित्तौड़ा, माइन मैनेजर बसंत किशोर महंता, इंजीनियरिंग हेड नागेंद्र शेखावत और सुरक्षा अधिकारी शामिल थे। श्रीवास्तव ने बताया कि ओएसएच कोड, 2020 ने पुराने 13 श्रम कानूनों को मिलाकर एक मजबूत कानूनी ढांचा तैयार किया है। यह कोड 21 नवंबर 2025 से लागू हो चुका है, इसलिए साइट स्तर पर इसका कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि 45 वर्ष से अधिक आयु के श्रमिकों के लिए अनिवार्य वार्षिक चिकित्सा जांच और जोखिम भरे कार्यों में लगे श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच का प्रावधान है। उन्होंने कार्यस्थल पर आधुनिक सुरक्षा उपकरण, बेहतर वेंटिलेशन, धूल-धुएं पर नियंत्रण, रोशनी, साफ पीने का पानी और स्वच्छता सुविधाओं पर जोर दिया गया। इसके साथ ही प्राथमिक चिकित्सा और बड़ी खदानों में एम्बुलेंस रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कार्य के घंटों और वेतन से संबंधित नियमों की भी जानकारी दी, जिसमें 8 घंटे से अधिक काम करने पर ओवरटाइम देने का प्रावधान शामिल है। इस दौरे ने रामपुरा आगूचा माइन्स में सुरक्षा और स्वास्थ्य मानकों को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता को दोहराया।

# 1150 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त

**शाहपुरा।** नगर पालिका द्वारा प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत पालिका क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 1150 किलोग्राम सिंगल यूज़ प्लास्टिक जब्त किया गया तथा नियमानुसार जुर्माना राशि भी वसूल की गई।

अभियान के दौरान व्यापारी वर्ग एवं आमजन को सिंगल यूज़ प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने हेतु समझाइश दी गई। पालिका टीम ने दुकानदारों एवं ग्राहकों से कपड़े अथवा जूट के थैले का उपयोग करने तथा प्लास्टिक कैरी बैग का प्रयोग पूर्णतः बंद करने की अपील की।

# नए श्रम कानून के विरोध में बैंक कर्मचारियों की हड़ताल, किया प्रदर्शन



स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** केंद्रीय सरकार द्वारा लागू नए श्रम कानून व श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ आयोजित श्रम संगठनों की एक दिवसीय हड़ताल के क्रम में राष्ट्रीयकृत बैंकों की सबसे बड़ी यूनियन एआईबीईए, एआईबीओए व बेफी के कर्मचारियों ने हड़ताल में भाग लेकर बैंकिंग सेवा में व्यवधान डाल दिया। भीलवाड़ा जिला मुख्यालय पर तीनों संगठन के अधिकारी व कर्मचारियों ने भारतीय जीवन बीमा निगम के अधिकारी व कर्मचारियों के साथ निगम कार्यालय के बाहर सरकार विरोधी नारे लगाए। इस प्रदर्शन में यूनियन के सचिव अशोक कुमार बिड़ला ने सरकार के नये श्रम कानून को लेकर सरकार की आलोचना की व मांग की कि अविलंब इन कानून कोवापस ले। अन्यथा बैंकों की सभी नौ संगठन यूएफबीयू के झंडे तले और हड़ताल करेंगे। इस दौरान विभिन्न बैंक के सैकडों कर्मचारी उपस्थित थे। इस हड़ताल से जिले की 125 से अधिक शाखाओं में ग्राहक सेवा में देरी हुई। कुछ शाखाओं में नकदी लेनदेन नहीं होने से ग्राहक निराश होकर लौटे। प्रदर्शन के दौरान बैंक कर्मचारी रमेश महता, शिव सोडाणी, शंकर लाल, रोनक बाल्दी, शिरीष, महिला दीपा, लता चौहान सहित उपस्थित कर्मचारियों ने नारेबाजी कर जोश भर दिया।

# भगवती दीदी के निधन से सिंधी समाज में शोक की लहर

### पंचतत्व में विलीन हुई भगवती दीदी की पार्थिव देह

स्मार्ट हलचल | भीलवाड़ा



भीलवाड़ा शहर के शास्त्री नगर स्थित माँ इच्छापूर्ण माता मंदिर की महंत माँ भक्त पारी माता की सुपुत्री भगवती दीदी के अहमदाबाद में निधन हो जाने से संपूर्ण सिंधी समाज एवं जय माँ प्रेमी परिवार में गहरा शोक व्याप्त हो गया है। जैसे ही उनके निधन का समाचार नगर में पहुंचा, श्रद्धालुओं और समाजजनों में शोक की लहर दौड़ गई। मंदिर परिसर से लेकर समाजजन के घरों तक मातमी माहौल छा गया।

सिंधी समाज के मीडिया प्रभारी मूलचंद बहरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार शाम को मंदिर प्रांगण से भगवती दीदी की अंतिम यात्रा निकाली गई। इससे पूर्व बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्रित हुए और उनकी पार्थिव देह के अंतिम दर्शन कर पुष्पांजलि अर्पित की। सैकड़ों महिला-पुरुष श्रद्धालुओं की आंखें नम थीं और हर कोई उनके अंतिम दर्शन कर भावुक दिखाई दिया।

उल्लेखनीय है कि भगवती दीदी अपनी मधुर और सुरीली आवाज के लिए जानी जाती थीं। वे बचपन से ही अपनी माता माँ भक्त पारी दीदी के सानिध्य में मंदिर आश्रम में निवास करती थीं और नियमित रूप से माता के दरबार में भजन-कीर्तन करती थीं। उनकी आवाज में गाए गए भजन श्रद्धालुओं के हृदय को छू जाते थे और वातावरण भक्तिमय हो जाता था। वे न केवल एक भजन गायिका थीं, बल्कि श्रद्धालुओं के लिए श्रद्धा, सेवा और समर्पण की प्रतीक भी थीं।

उनके निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताया जा रहा है। समाजजनों का कहना है कि भगवती दीदी ने अपना संपूर्ण जीवन माँ की सेवा और भक्तों की सेवा में समर्पित कर दिया। उन्होंने कभी अपने लिए कुछ नहीं चाहा, बल्कि आश्रम और मंदिर की सेवा को ही अपना जीवन धर्म बनाया। उनके सरल स्वभाव और मधुर व्यवहार के कारण हर वर्ग के लोग उनसे आत्मीयता रखते थे।

श्रद्धांजलि सभा में किन्नर अखाड़ा नसीराबाद की महाराज मुस्कान दीदी, सिंधी समाज के अध्यक्ष रमेश सभनानी, वरिष्ठ समाजसेवी हेमनदास भोजवानी, वीरूमल पुरसानी, चंद्रप्रकाश चंदवानी, पूर्व पार्षद मीना लिमानी, हरीश मानवानी, पूज्य हेमराजमल सेवा समिति के अध्यक्ष गुलशनकुमार विधानी, महामंत्री हरीशकुमार सखरानी, जितेंद्र मोटवानी, मनोहर लालवानी, रमेश गुरनानी, इंदु बंसल, पंकज आडवानी, गौरव धनवानी, चंद्रप्रकाश तुलसानी सहित विभिन्न सामाजिक, धार्मिक और सेवा संगठनों के प्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। सभी ने श्रीफल, वस्त्र और पुष्प अर्पित कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इसके पश्चात उनकी पार्थिव देह को स्थानीय पंचमुखी मोक्षधाम ले जाया गया, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच उन्हें अग्नि को समर्पित किया गया। अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित जनसमूह ने नम आंखों से भगवती दीदी को अंतिम विदाई दी। भगवती दीदी का जाना न केवल मंदिर परिवार, बल्कि पूरे सिंधी समाज के लिए एक गहरी पीड़ा का विषय है। उनका मधुर कंठ, उनका भक्ति भाव और उनका सेवाभाव सदैव श्रद्धालुओं की स्मृतियों में जीवित रहेगा। समाजजनों ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# राजस्थान बजट सत्रः 'जयपुर में हो रही सील की डील, बिना पैसे कुछ संभव नहीं'

## कांग्रेस विधायक के बयान पर हंगामा

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** राजस्थान विधानसभा में शून्यकाल के दौरान गुरुवार को दौसा से कांग्रेस विधायक दीनदयाल बैरवा ने दौसा तहसीलदार पर मनमानी और अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के मकान तोड़ने का आरोप लगाया। बैरवा ने कहा कि तहसीलदार वंचित तबके के लोगों के घरों को तोड़ रहा है और उनका व्यवहार भी आपत्तिजनक रहा है। उन्होंने कहा कि एक विधायक के साथ इस तरह का व्यवहार पूरे सदन के लिए चिंता का विषय है और संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। मामला उठाने के बाद बैरवा वेल में आकर नारेबाजी करने लगे, जिस पर स्पीकर ने नाराजगी जताई। स्पीकर ने इसे अनुशासनहीनता करार देते हुए बैरवा को अपनी सीट पर लौटने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मामले में कार्रवाई की जा रही है और उचित कदम उठाए जाएंगे।

इसी दौरान नेता प्रतिपक्ष ने व्यवस्था का प्रश्न उठाने की कोशिश की, जिस पर सरकारी मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने आपत्ति जताई। गर्ग ने स्पीकर से कहा कि शून्यकाल में व्यवस्था का प्रश्न नहीं उठाया जा सकता। इसके लिए उन्होंने विधानसभा के नियमों का हवाला भी दिया।

इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने उन्हें टोकते हुए कहा कि सत्ता बदलती रहती है आप भी कभी हमारी जगह पर बैठोगे, लेकिन विधायकों का सम्मान बना रहना चाहिए, ये सभी की जिम्मेदारी है। इस बात को लेकर दोनों के बीच तीखी बहस भी हुई। सदन में कुछ देर तक हल्की नोकझोंक का माहौल बना रहा। अंत में स्पीकर ने बैरवा को



अनुशासन में रहने की हिदायत देते हुए मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई। गौरतलब है इससे पहले भी डीडी बैरवा सदन के बाहर इस मुद्दे को कई बार उठा चुके हैं, लेकिन तहसीलदार पर सरकार की तरफ से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई।

### जयपुर में सील की डील हो रही, सदन में हंगामा'

राजस्थान विधानसभा में शून्यकाल के दौरान कांग्रेस विधायक रफीक खान ने जयपुर में मकानों के पट्टों और सीलिंग कार्रवाई में कथित भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाया, जिससे सदन में हंगामे की स्थिति बन गई। रफीक खान ने आरोप लगाया कि शहर में छोटे मकानों को सील किया जा रहा है, जबकि बड़े बंगलों को छूट दी जा रही है। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन मकानों पर कुछ लोग कैमरे लेकर पहुंचते हैं और बाद में सीलिंग के नाम पर 'डील' की जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस मुद्दे पर जवाब देने के लिए यूडीएच मंत्री सदन में मौजूद नहीं थे।

खान ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 14 लाख पट्टे दिए गए थे, जबकि वर्तमान सरकार में बिना भ्रष्टाचार के न तो मकान बन पा रहा है, न नक्शा पास हो रहा है और न ही पट्टा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बिना पैसे दिए कोई व्यक्ति अपनी छत तक नहीं डाल सकता और एक भी मकान ऐसा नहीं है, जिसका पट्टा बिना लेन-देन के बन सके। उन्होंने कहा कि उनके पास इन आरोपों के समर्थन में सबूत हैं। इन आरोपों पर भाजपा विधायक श्रीचंद कृपलानी ने आपत्ति जताई, जिसके बाद दोनों पक्षों में तीखी नोकझोंक हुई और सदन का माहौल कुछ देर के लिए गरमा गया।

विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति (बीएसी) ने 19 फरवरी तक का कार्य कार्यक्रम तय कर दिया है। 12, 13, 16 और 17 फरवरी को बजट पर चर्चा होगी। 14 और 15 फरवरी को अवकाश रहेगा। 17 फरवरी को डिप्टी सीएम और वित्त मंत्री दिया कुमारी बजट पर चर्चा का जवाब देंगी। वहीं 18 और 19 फरवरी को अनुदान की मांगों पर चर्चा के बाद उन्हें पारित किया जाएगा।

### कांग्रेस विधायक ने लगाया योजनाएं बंद करने का आरोप

विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान राजाखेड़ा से कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि सरकार घोषणाएं तो कर रही है, लेकिन जमीनी स्तर पर काम नजर नहीं आ रहा। बोहरा ने जयपुर में मेट्रो विस्तार और सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर मेंटल हेल्थ जैसे मुद्दों का उल्लेख करते हुए कहा कि कई परियोजनाओं पर स्पष्ट रोडमैप सामने नहीं आया है। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र का जिक्र करते हुए कहा कि कृषि उपज मंडी के लिए अब तक जमीन तक आवंटित नहीं की गई है। विधायक ने आरोप लगाया कि कालीबाई भील स्कूटी योजना और देवनारायण योजना के तहत पिछले दो वर्षों से एक भी स्कूटी वितरित नहीं की गई। साथ ही उन्होंने कहा कि स्वामी विवेकानंद स्कॉलरशिप योजना को बंद कर दिया गया है, जिससे छात्रों को नुकसान हो रहा है।

### सदन में 'खेजड़ी बचाओ' की गूंज

विधानसभा कार्रवाई के दौरान बायतु विधायक हरीश चौधरी ने खेजड़ी बचाओ आंदोलन का मुद्दा जोरदार तरीके से उठाया। उन्होंने कहा कि बीकानेर सहित प्रदेशभर में खेजड़ी वृक्षों को बचाने के लिए आंदोलन चल रहा है और सरकार को इस दिशा में ठोस कदम उठाने चाहिए। चौधरी ने आरोप लगाया कि सरकार इस विषय पर अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा रही है।

### सदन के बाहर भी तानाकशी

इधर सदन के बाहर भी सियासी बयानबाजी तेज रही। कांग्रेस के मुख्य सचेतक रफीक खान ने बजट को लेकर कहा कि जयपुर को बड़ी उम्मीदें थीं, लेकिन निराशा हाथ लगी। इस पर हवामहल से भाजपा विधायक बालमुकुंद आचार्य ने पलटवार करते हुए कहा कि पिछली सरकार अपने क्षेत्र जोधपुर के लिए भी कुछ खास नहीं कर पाई। दोनों नेताओं के बीच तीखी नोकझोंक देखने को मिली। रफीक खान ने कहा कि जनता सब सुन रही है, जबकि भाजपा विधायक ने सरकार की उपलब्धियों का हवाला दिया।

### राइट टू हेल्थ पर सदन में तीखी बहस, सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने

आज सदन की कार्रवाई शुरू होते ही प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक हरिमोहन शर्मा ने राइट टू हेल्थ कानून के नियमों को लेकर सवाल उठाया। इस पर जवाब देते हुए चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने कहा कि नियम पहले ही बनाए जा चुके थे और पूर्ववर्ती सरकार को व्यवस्था स्पष्ट करके जानी चाहिए थी। उन्होंने विपक्ष पर अधूरी प्रक्रिया छोड़ने का आरोप लगाया। मंत्री के इस बयान के बाद नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली समेत विपक्षी विधायकों ने कड़ा विरोध जताया। दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, जिससे कुछ समय के लिए सदन का माहौल गरमा गया।

राजस्थान विधानसभा की कार्रवाई आज सुबह 11 बजे प्रश्नकाल के साथ शुरू होगी। प्रश्नकाल में 19 तारांकित और 20 अतारांकित प्रश्न सूचीबद्ध हैं। उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी से संबंधित विभागों के अलावा चिकित्सा, संसदीय कार्य, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, पशुपालन और वन विभाग से जुड़े विषयों पर सवाल-जवाब होंगे। सदन की कार्रवाई के दौरान कार्य सलाहकार समिति का प्रतिवेदन पटल पर रखा जाएगा। मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग इसे सदन में प्रस्तुत करेंगे। इसी के साथ आगामी दिनों में सदन में होने वाले कामकाज की रूपरेखा तय की जाएगी। आज वित्त विभाग और वन विभाग की अधिसूचनाएं भी सदन में रखी जाएंगी। चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर वित्त विभाग की 18 अधिसूचनाएं पेश करेंगे, जबकि मंत्री संजय शर्मा वन विभाग की 13 अधिसूचनाएं सदन में प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा सदन की मेज पर विभिन्न विभागों के वार्षिक प्रतिवेदन भी रखे जाएंगे।

विभिन्न विधायकों की ओर से आज सदन में जनहित याचिकाएं भी लगाई जाएंगी। इनमें आहोर नगर पालिका में फायर ब्रिगेड यंत्र उपलब्ध कराने, सिधमुख में रेलवे चेंज पर आरयूबी निर्माण, सेखाला ट्रॉमा सेंटर, उदयपुर डायट परिसर की भूमि को खेल मैदान के रूप में आरक्षित करने, पाली जिले के ऊंकली गांव में एसएलआर जल कनेक्शन, बगरू में गंदे पानी के नाले को गहरा कराने और नगर निगम ग्रेटर वार्ड-106 में सीवरेज लाइन निर्माण से संबंधित याचिकाएं शामिल हैं। विधानसभा में आज से बजट 2026-27 पर चर्चा भी शुरू होगी। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी बहस के लिए समय आवंटित करेंगे।

# पिता की हत्या के आरोपी पुत्र लेखराज को पुलिस ने 24 घंटे में किया गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल | लाखेरी

पुलिस ने पिता की हत्या करने वाले आरोपी पुत्र को त्वरित कार्यवाही करते हुए 24 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। के. पाटन उपखंड क्षेत्र के छोड़ेदा में दो दिन पूर्व पिता की हत्या करने वाले पुत्र को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना के. पाटन क्षेत्र के छोड़ेदा निवासी परमेश्वर पुत्र रामरतन ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि मेरे बड़े भाई लेखराज जो मेरे पिताजी रामरतन के पास छोड़ेदा में रहता है, 10 फरवरी को मेरे पिताजी एवं भाई लेखराज के बीच काम करने की बात पर कहासुनी हो जाने से लेखराज द्वारा पिताजी के साथ मारपीट करने से उनके सिर पर चोट आई , जिसकी इलाज के दौरान 11 फरवरी को मृत्यु हो गई। जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे। के. पाटन पुलिस उपनिरीक्षक थानाधिकारी दिनेश शर्मा द्वारा टीम गठन कर आरोपी की तलाश की गई, मुखबिर एवं तकनीकी अनुसंधान की सहायता से टीम ने आरोपी लेखराज को 24 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायालय द्वारा आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। थानाधिकारी दिनेश शर्मा द्वारा गठित टीम में सहायक उपनिरीक्षक रामभजन, हैड कांस्टेबल गजराज सिंह, कांस्टेबल अमित, गौतम सिंह शामिल रहे।

# ओलावृष्टि से किसानो की फसलो को हुए नुकसान की शीघ्र गिरदावरी करा राहत प्रदान करे सरकारः विधायक आक्या

स्मार्ट हलचल | ओम जैन

**चित्तौड़गढ़।** विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने गुरूवार को विधानसभा में गत दिनो चित्तौडगढ़ जिले में हुई ओलावृष्टि से फसलो को हुए नुकसान का मुद्दा उठाते हुए सरकार से खराबे की शीघ्र गीरदावरी करा किसानो को मुआवजा दिलाने की मांग की।

विधायक आक्या ने विधानसभा में फसल खराबे का मुद्दा उठाते हुए कहा की गत 1 फरवरी को विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के ग्राम ओछड़ी, खोर, ओरड़ी, अरनियापंथ, एराल, खेरी, घटियावली, गिलुण्ड, उदपुरा, पालछा, अमरपुरा, बरसिंह



का गुढा सहित समुचे घाटा क्षैत्र में हुई ओलावृष्टि से खेतो में खड़ी अफीम व गेहुं की फसल के साथ ही खेतो में काट के रखी हुई सरसो की फसलो को बहुत नुकसान हुआ है। फसल खराब होने से किसानो की उम्मीदो को गहरा आघात लगा है तथा उन पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

विधायक आक्या ने सदन में कहा की प्राकृतिक आपदा में जिला प्रशासन, उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार, गिरदावर व संबंधित अधिकारियो को ऑटो मोड पर रहकर मोके पर ही राहत प्रदान करनी चाहिए लेकिन आज के समय में प्रशासन को नुकसान की सुचना ऑनलाइन भेजनी होती है। हमारा किसान इतना पड़ा लिखा नही है तथा सभी ग्रामो में ई-मित्र की सुविधा भी उपलब्ध नहीं होती है। समय पर ऑनलाईन सूचना नही जाने से किसानो को सालो तक फसल खराबे का लाभ नही मिल पाता है। उन्होने सरकार से खराबे की शीघ्र गीरदावरी करा किसानो को उचित मुआवजा दिला राहत प्रदान कराने की मांग की।

विधायक आक्या ने सरकार से अफीम की फसल खराबे की सूचना भारत सरकार के नारकोटिक्स विभाग तक पहुचाने की मांग करते हुए कहा की किसान द्वारा अफीम की फसल पर पैसा खर्च किया जा चुका है लेकिन प्राकृतिक आपदा की वजह से अनेक स्थानों पर किसानों की अफीम की फसल नष्ट हो गई है। उन्होने नारकोटिक्स विभाग द्वारा अफीम फसल खराबे की जांच कराने व किसान को डोडे से पोस्त दाना निकालने की अनुमति प्रदान करा राहत दिलाने की मांग की।

# नाट्य कार्यशाला हेतु आवेदन आमंत्रित

स्मार्ट हलचल | उदयपुर

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर की ओर से प्रोडक्शन ओरिएंटेड नाट्य कार्यशाला का आयोजन 20 फरवरी से 27 मार्च 2026 तक दर्पण सभागार, शिल्पग्राम उदयपुर में किया जाएगा। इस नाट्य कार्यशाला में 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के प्रतिभागी भाग ले सकते है।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने बताया कि केन्द्र द्वारा नित नए नवाचार किए जा रहे है इसी क्रम में प्रोडक्शन ओरिएंटेड नाट्य कार्यशाला का आयोजन 20 फरवरी से 27 मार्च 2026 तक दर्पण सभागार, शिल्पग्राम उदयपुर में किया जा रहा है। इस नाट्य कार्यशाला के विशेषज्ञ उत्तर मध्य सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के पूर्व निदेशक प्रो. सुरेश शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रो. सुरेश शर्मा संगीत नाटक अकादमी से भी सम्मानित है। कार्यशाला प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक शिल्पग्राम उदयपुर में आयोजित होगी।

नाट्य कार्यशाला के लिए ऑन लाइन पंजीकरण गूगल फॉर्म लिंक टीआईएनवाईयूआरएल डॉट कॉम/से कर सकते है। इसके अलावा बागोर की हवेली स्थित केंद्र कार्यालय पर भी ऑफिस टाइम में जाकर सीधे रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। इस कार्यशाला में तैयार नाटक की प्रस्तुति का मंचन दर्पण सभागार में की जाएगी।

# तुसावड़ा आक्या के लिए करेंगे भदेसर से उज्जैन पदयात्रा



**चित्तौड़गढ़।** विधानसभा चुनाव हुए दो वर्ष पूरे होने के बाद भी विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या के लिए कार्यकर्ताओ के द्वारा की गई मन्नतों का दौर जारी है।

पूर्व प्रधान प्रतिनिधि सुरेश जैन बताया कि भदेसर के भाजपा कार्यकर्ता कन्हैया लाल तुसावड़ा ने विधानसभा चुनाव में चन्द्रभान सिंह आक्या के विजयी होने पर भदेसर से उज्जैन तक पदयात्रा करने की मंन्नत मांगी थी। यह मनोकामना पूर्ण होने पर तुषावड़ा 22 फरवरी 2026 रविवार प्रातः 10 बजे भदेसर भैरूजी बस स्टैंड से विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या की उपस्थिति में उज्जैन के लिए पद यात्रा प्रारंभ करेंगे। इस दौरान निवृतमान प्रधान शुशीला कुंवर आक्या, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अशोक रायका, मण्डल अध्यक्ष हीरा लाल रायका, पुर्व मण्डल अध्यक्ष पवन आचार्य, पुखराज सरूपरिया, पूर्व उप सरपंच ख्याली लाल खटीक आदि कार्यकर्ता मित्रगण उपस्थित रहेंगे।

# विभिन्न प्रकरणों में पुलिस की कार्रवाई, 22 शांति भंग, 12 वांछित आरोपी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने व्यापक अभियान चलाते हुए शांति भंग के आरोप में 22 आरोपियों तथा विभिन्न प्रकरणों में वांछित 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सभी आरोपियों को संबंधित थानों द्वारा धारा 126-170 बीएनएसएस सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार आरोपीः

थाना कोतवालीः गोपाल सिंह पिता मानसिंह परमार, उम्र 30 वर्ष, निवासी छजजूखेड़ी थाना राघवी जिला उज्जैन। सितराज सिंह पिता बमूर सिंह बाघेला, उम्र 30 वर्ष, निवासी कंथरावी थाना भुनावा। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

थाना गांधीनगरः शिवनन्दन विश्नोई पिता कैलाश चन्द्र विश्नोई, उम्र 20 वर्ष, निवासी विश्नोई मोहल्ला थाना पुर, जिला भीलवाड़ा। भरत विश्नोई पिता ओमप्रकाश विश्नोई, निवासी जम्भेश्वर नगर थाना गांधीनगर, जिला भीलवाड़ा। चांदमल पिता मदनलाल सुवालका, उम्र 29 वर्ष, निवासी बाबा धाम थाना गांधीनगर, भीलवाड़ा। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

थाना प्रतापनगरः दीपक सांसी पिता कालूलाल सांसी, उम्र 32 वर्ष, निवासी आमली कॉलोनी बागोर थाना बागोर, जिला भीलवाड़ा, हाल बाबाधाम के पास थाना गांधीनगर। लेखराज वसीटा उर्फ लक्की पुत्र कानाराम वसीटा, उम्र 30 वर्ष, निवासी 3टी-21 पटेलनगर थाना प्रतापनगर, भीलवाड़ा। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

थाना काछोलाः शंकरलाल पिता नारायण भील, उम्र 30 वर्ष, निवासी काछोला। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

थाना बिजौलियाः पवन पिता रामलाल जाटव, उम्र 23 वर्ष, निवासी धालेरा थाना बाड़ी जिला धौलपुर, हाल इन्द्रा कॉलोनी बिजौलिया। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

थाना गुलाबपुराः भागचन्द पिता जेता, जाति रेगर, उम्र 37 वर्ष, निवासी चैनपुरिया थाना गुलाबपुरा। मुकेश पिता भंवरलाल, जाति रावणा राजपूत, उम्र 44 वर्ष, निवासी नई आबादी खारी का लाम्बा थाना गुलाबपुरा। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

थाना रायलाःअल्ताफ पिता नजीर खां, उम्र 25 वर्ष, निवासी गोरा का खेड़ा थाना रायला। फिरोज खां पिता घासी खां, उम्र 40 वर्ष, निवासी गोरा का खेड़ा थाना रायला। पुखराज पिता गोपीलाल जाट, उम्र 36 वर्ष, निवासी राणी खेड़ा थाना रायला। रतनलाल पिता छोटूलाल, जाति गुर्जर, उम्र 20 वर्ष, निवासी पाटियो का खेड़ा थाना गुलाबपुरा। सतिश प्रताप सिंह पिता अवधेश प्रताप सिंह, जाति राजपूत, उम्र 32 वर्ष, निवासी माहसाव थाना गुडह जिला रीवा (म.प्र.), हाल बापूनगर थाना रायला। रजनेश पिता फेरु सिंह, जाति यादव, उम्र 30 वर्ष, निवासी खरगपुर थाना सकीट जिला एटा (उ.प्र.), हाल बाबा फैक्ट्री लाम्बिया कलां। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

थाना करेडाः ओमप्रकाश पिता मीयाराम गुर्जर, उम्र 25 वर्ष, निवासी कांगसो का बाड़िया थाना करेडा। लक्ष्मणदास पिता भगवानदास वैष्णव, उम्र 22 वर्ष, निवासी गोवर्धनपुरा थाना करेडा। धर्मीचंद पिता लेहरूलाल गुर्जर, उम्र 21 वर्ष, निवासी गोवर्धनपुरा थाना करेडा। श्याम सिंह पिता दीप सिंह राजपूत, उम्र 25 वर्ष, निवासी निम्बाहेड़ा जाटान थाना करेडा। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

थाना रायपुरः सुरेश पिता प्रभुलाल सालवी, उम्र 24 वर्ष, निवासी दुगच थाना रायपुर। (धारा 126-170 बीएनएसएस)

### प्रकरणों में वांछित 12 आरोपी गिरफ्तारः

थाना काछोलाः हरनाथ पिता भीमराज उर्फ भीमड़ा गुर्जर, उम्र 40 वर्ष, निवासी जांल का खेड़ा। नारायण पिता देबीलाल, उम्र 20 वर्ष, निवासी हरजेशपुरा।

(धारा 303(2) बीएनएस व 4/21 एमएमडीआर एक्ट)

थाना माण्डलगढ़ः

सुरेश पिता कालू मीणा, निवासी चौधरियास थाना बिगोद। लादू उर्फ राधेश्याम पिता घीसा मीणा, निवासी चौधरियास थाना बिगोद। (धारा 147, 323, 307, 452/149 बीएनएस)

थाना गंगापुरः कालूराम उर्फ कालू उर्फ भूरा बागरिया पिता जगदीश, उम्र 26 वर्ष, निवासी गांछा बस्ती शाहपुरा। रामस्वरूप बागरिया पिता मिश्रीलाल बागरिया, उम्र 19 वर्ष, निवासी देवलियां कलां, थाना भिनाय जिला अजमेर। दुर्गा पिता श्रवण बागरिया, उम्र 30 वर्ष, निवासी उंखलिया थाना शंभुगढ़। (धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस) नरेन्द्र सिंह उर्फ देवेन्द्र सिंह पिता शंकर सिंह राजपूत, निवासी झासड़ी जिला प्रतापगढ़।

(धारा 5/25 आर्म्स एक्ट)

थाना शाहपुराः सोनू पिता पप्पू कुरैशी, निवासी हमीदनगर थाना शाहगंज जिला आगरा (उ.प्र.) । (धारा 5, 8, 9 राज गोवंश अधिनियम, 11 पशु क्रूरता अधिनियम)

थाना माण्डलः

शंकरलाल पिता लक्ष्मणलाल गुर्जर, उम्र 33 वर्ष, निवासी चमनपुरा थाना बनेड़ा। (धारा 112(2), 61(2) बीएनएस व 13 आरपीओ) ओमप्रकाश पिता शंकरलाल जाट, उम्र 24 वर्ष, निवासी जाट मोहल्ला जाटों का खेड़ा पोस्ट आरजिया थाना माण्डल। (धारा 303(2), 61(2), 338, 336(3) बीएनएस)

थाना पुरः

महावीर गुर्जर पिता नाथूलाल गुर्जर, निवासी देवपुरा चमनपुरा थाना बनेड़ा। (धारा 4/21 एमएमडीआर एक्ट व 303(2) बीएनएस) पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून तोड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# निवाई विधानसभा क्षेत्र के प्रतिनिधि मंडल के साथ विधायक रामसहाय वर्मा ने की मीटिंग

### प्रतिनिधि मंडल ने सुनारा को उपतहसील बनाने पर चर्चा ज्ञापन सौंपा



स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** निवाई पीपलू विधायक रामसहाय वर्मा से गुरुवार को उनके जयपुर निवास पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें निवाई डांगरथल मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी के नेतृत्व, RTO जगदीश सिंह राजावत व मंडल के भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, वरिष्ठ जन, पंचायतो के सरपंच और जनप्रतिनिधियों के साथ मिलने का अवसर मिला।

बैठक में क्षेत्र के विकास पर पारदर्शित चर्चा की गई और पंचायतो में रहने वाले सभी वर्गो को राजस्थान सरकार की योजनाओं का लाभ और जनकल्याण योजनाओं का लाभ मिल सके, इस पर जोर दिया गया। सुनारा पंचायत को उप तहसील बनाने का ज्ञापन दिया, इस दौरान डागरथल भाजपा मंडल अध्यक्ष केदार चौधरी, जगदीश राजावत,पूर्व सी आर मनफूल गुर्जर जगतपुरा, श्रवण, रामकुवांर मीणा बाढ़, सहित अन्य गणमान्य लोग व्यक्ति मौजूद रहें।


इस दौरान विधायक ने सभी लोगों की बात को सुनते हुए आश्वासन दिया उन्होंने कहा की विधानसभा में ऐतिहासिक कार्य किए जाएंगे, जिससे विधानसभा के हर गांव को विकास से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि अंतिम पंक्ति के गांव को भी ध्यान में रखते हुए विकास कार्य किए जाएंगे।

# महात्मा गांधी के स्मृति दिवस पर त्रिवेणी संगम पर श्रृद्धांजलि सभा, सर्वोदय विचार गोष्ठी आयोजित

स्मार्ट हलचल

**आकोला।** त्रिवेणी संगम पर सेवा संघ बीगोद द्वारा त्रिवेणी संगम स्थित गांधी स्मारक सभागार में हर वर्ष की भांति 12 फरवरी गुरुवार को सर्वोदय विचार गोष्ठी, श्रृद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित कर उनका स्मरण किया गया।उनके बताए गए मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम सेवा संघ संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में नवजीवन पब्लिक स्कूल बीगोद के छात्र छात्राओं ने गांधी दर्शन पर नाटिका के माध्यम से प्रस्तुति दी।तथा प्रेरणादायक कविताएं सुनाईं। स्वच्छ भारत अभियान में सहयोगी बनकर अपने गांव,गली मोहल्लों में स्वच्छता





बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।

राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय बीगोद की छात्राओं ने भी आज के युग में गांधी विचारों की प्रासांगिकता पर आलेख प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गांधीविचार शिवकुमार त्रिपाठी ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए बताया है राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की त्रिवेणी संगम में सन् 1948 में अस्थियां विसर्जित की गयी तब से हर वर्ष सेवा संघ संस्था 12 फरवरी को यहां सर्वोदय विचार गोष्ठी , पुष्पांजलि श्रृद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

कार्यक्रम दीप प्रज्ज्वलित कर गांधी जी की प्रिय प्रार्थना से शुरू किया गया। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य दिनेश वर्मा ने सामाजिक सरोकार पर विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का काव्य प्रस्तुतियों के साथ संचालन करते हुए श्री महावीर जनकल्याण संस्थान के सचिव महेंद्र जैन ललकार ने कहा कि महात्मा गांधी पुरूषों में महापुरुष, आत्मा से महात्मा तथा मानवता के शक्ति पुंज थे।एकता और भाईचारे की मिशाल थे।जीवन बहती नदी है जिसमें हिलोरें आती रहती है।हर परिस्थिति में पुरूषार्थ करने वाले का ही जीवन सार्थक होता है। मानवता के साधक महात्मा गांधी देश के लिए समर्पित रहे।उनके विचारों को अपनाने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम में सामाजिक चिंतक राम सिंह जोशी, भोपाल सिंह बापना,सुशील कुमार जोशी आदि ने भी अपने विचार प्रकट करते हुए सुझाव दिए।

संस्था के अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने संस्था की ओर से निःशुल्क नैत्र जांच एवं परामर्श शिविर लगाने हेतु सदस्यों के सामने बात रखी जिस पर सदस्यों ने सहमति जताई। बैठक में अन्य बिंदुओं पर भी चर्चा की गयी। कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया तथा आगंतुक अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।

कार्यक्रम में समाज सेवी दीपक जैन, अब्दुल कय्यूम लोहार ,सुरेश लोढ़ा,दीलिप महता, सिराजुद्दीन लोहार सहित कई प्रबुद्धजन, समाजसेवी तथा विधालय के शिक्षकगण , विधार्थी आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम के अन्त में संस्थाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# कैंपर गाड़ी लेकर आए बदमाशों ने युवती का किया अपहरण

**राशमी।** थाना क्षेत्र के सिंहाना में गुरुवार प्रातः कैंपर गाड़ी लेकर आए बदमाशों ने एक युवती का अपहरण कर लिया। युवती मकान से थोड़ी दूर स्थित बाड़े में गाय को पानी पिलाने गई थी। घटना को लेकर गांव के ही एक युवक सहित उसके साथियों के खिलाफ मामला थाने में दर्ज हुआ।

थानाधिकारी रतन सिंह ने बताया कि सिंहाना निवासी बाबूलाल पुत्र रामेश्वर धोबी ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी बहन माया गुरुवार प्रातः बाड़े में गाय को पानी पिलाने गई थी, तभी इसी गांव का देवीलाल पुत्र भंवरलाल दरोगा अपने साथियों के साथ पहुंचा तथा उसकी बहन को जबरन गाड़ी में अपहरण कर ले



गया। रिपोर्ट में बताया कि आरोपी देवीलाल दरोगा आए दिन युवती को उठा ले जाने व परिवार को जान से मारने की धमकी देता है। रिपोर्ट में बिना नंबर की कैंपर गाड़ी प्रहलाद जाट निवासी बावड़ी खेड़ा थाना गंगरार की बताई जा रही है। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है।

# चौरु में विराट हिंदू सम्मेलन की धूम:-भगवा ध्वज यात्रा और भजनों के बीच गूंजा सामाजिक एकजुटता का संदेश

## विराट हिंदू सम्मेलन में 351 बेटियों महिलाओं ने निकाली शोभायात्रा

## अखाड़े का प्रदर्शन रहा मुख्य आकर्षण का केंद्र, कलशयात्रा ध्वजा में उमड़े सर्वसमाज के लोग

स्मार्ट हलचल

**नगर फोर्ट।** अलीगढ़ तहसील क्षेत्र ग्राम चौरु में कंकाली माता मंदिर परिसर से महिलाओं द्वारा कलश यात्रा शुरू की गई।आयोजित 'विराट हिंदू सम्मेलन' भव्यता के साथ संपन्न हुआ। इस सम्मेलन में हिंदू समाज की एकजुटता और सनातन धर्म के मूल्यों पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में स्थानीय निवासियों और गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वाहन रैली और भव्य ध्वज यात्रा से हुई शुरुआत सम्मेलन का आगाज एक विशाल वाहन र-ैली के साथ हुआ। इसके पश्चात कस्बे की महिलाओं द्वारा निकाली गई कलश यात्रा,भगवा ध्वज यात्रा विशेष आकर्षण का केंद्र रही,जिसमें महिलाएं गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए नाचते-गाते हुए कार्यक्रम स्थल सैनी समाज छात्रावास तक पहुँचीं। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत



भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ की गई।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सनातन धर्म 'सर्वे भवन्तु' की परिकल्पना पर आधारित है,जो सबके हितों की रक्षा करता है। हिंदू समाज को एकजुट होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संदेश दिया।इस अवसर पर महिलाओं द्वारा रैली व पुरूषो के द्वारा वाहन रैली निकाली व जागरूक किया।

### विशाल कलशयात्रा,ध्वजा पूजन एवं द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ विराट हिंदू सम्मेलन का आगाज:-

यहां बेड़ बाजे व डीजे के साथ विशाल कलशयात्रा व भगवान राम की शोभायात्रा निकाली गई जो मुख्य बाजार व गांव के चारों ओर होते हुए निकाली गई। बौद्धिक व साधु-संतों का आशीर्वचन,एकात्मकता मंत्र तथा डीजे के साथ श्रीराम भगवान की शोभायात्रा निकाली गई।हिन्दू सम्मेलन के आयोजन को लेकर कस्बे व मार्गों पर जगह-जगह भगवा ध्वज,पताकाएं और बैनर लगाएं गये।विराट हिन्दू सम्मेलन के आयोजन को लेकर सर्व समाज के लोगों व समिति के पदाधिकारियों द्वारा लोगों व महिलाओं से बड़ी संख्या में कलशयात्रा व कार्यक्रम में शामिल हुए। विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन संपन्न हुआ उसके बाद प्रसादी वितरण की गई।

### फूलों की बारिश से शोभायात्रा का स्वागत:-

शोभायात्रा गांव के काकली माता मन्दिर से शुभारंभ की गई मुख्य मार्गो से होते हुए चौरु बस स्टैंड, बरवाड़ा रोड से होते हुए बालाजी चौंक पहुंची। इस दौरान ग्रामीणों नेजगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह अखाड़ा के सदस्यों ने पुरानी पंचायत भवन चौरु, बालाजी चौक, हनुमान मंदिर, पुराना बस स्टैंड और शिव मंदिर जैसे प्रमुख स्थलों पर व्यायाम और अखाड़ा का प्रदर्शन किया गया, जो आकर्षण का केंद्र रहा।

# जिला प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, आरक्षित सरकारी भूमि से 350 बीघा अतिक्रमण हटाया

स्मार्ट हलचल

**ब्यावर।** जिला प्रशासन, नगर परिषद टीम एवं पुलिस जाप्ता की संयुक्त कार्रवाई में ब्यावर जिले में मिनी सचिवालय, सरकारी अधिकारियों के आवास एवं राजकीय कार्यालयों हेतु आरक्षित भूमि पर किए गए अतिक्रमण को हटाया गया।

कार्रवाई के दौरान ग्राम सेदरिया, बलाड एवं गढीथोरियान क्षेत्र की लगभग 350 बीघा भूमि से कच्चे-पक्के निर्माण, चारदीवारियां तथा कांटों की बाड़ हटाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। प्रशासन द्वारा यह कार्रवाई राजकीय उपयोग हेतु आरक्षित भूमि की सुरक्षा एवं सुव्यवस्थित विकास के उद्देश्य से की गई।

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी दिव्यांश सिंह, तहसीलदार हनुत सिंह, नगर परिषद आयुक्त ब्यावर, पुलिस थाना सदर, साकेत नगर थाना, जवाजा थाना, टाडगढ़ थाना सहित संबंधित थाना अधिकारियों एवं पुलिस जाप्ता की उपस्थिति रही। जिला प्रशासन ने बताया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण के





विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

# सुरक्षित माइग्रेशन को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर रहे विदेश मंत्रालय और आईओएम



स्मार्ट हलचल | नई दिल्ली

भारत का विदेश मंत्रालय और इंटरनेशनल ऑर्गनाइजेशन फॉर माइग्रेशन (आईओएम) सुरक्षित एवं व्यवस्थित प्रवासन को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं। इस दिशा में आगे बढ़ते हुए विदेश मंत्रालय ने अब आईओएम तथा इंडियन काउंसिल ऑफ वर्ल्ड अफेयर्स (आईसीडब्ल्यूए) के साथ मिलकर ग्लोबल कॉम्पैक्ट फॉर सेफ, ऑर्डरली एंड रेगुलर माइग्रेशन (जीसीएम) के तहत भारत की पहल पर एक नेशनल कंसल्टेशन आयोजित किया।

इस दौरान विदेश मंत्रालय, यूएन तथा आईओएम के आला अधिकारियों की मौजूदगी में विभिन्न सत्र आयोजित हुए, जिनमें रीजनल और ग्लोबल माइग्रेशन प्रोसेस पर विस्तृत चर्चा हुई। इस मौके पर भारतीय युवाओं, स्किल्ड प्रोफेशनल्स और स्टूडेंट्स के इंटरनेशनल माइग्रेशन तथा मोबिलिटी पर 'प्रयास' मैपिंग रिपोर्ट लॉन्च की गई। यह रिपोर्ट आईओएम इंडिया की विदेश मंत्रालय व आईसीडब्ल्यूए के साथ पार्टनरशिप में एक पहल है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 12 फरवरी को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया विदेश मंत्रालय ने आईओएम के साथ मिलकर ग्लोबल कॉम्पैक्ट फॉर सेफ, ऑर्डरली एंड रेगुलर माइग्रेशन के तहत भारत की पहल पर एक नेशनल कंसल्टेशन ऑर्गनाइज किया। मंत्रालय में सचिव (सीपीवी एवं ओआईए) श्रीप्रिया रंगनाथन, यूएन रेजिडेंट कोऑर्डिनेटर स्टीफन प्रीसनर और आईओएम इंडिया हेड ऑफ ऑफिस संजय अवस्थी ने उद्घाटन सेशन में हिस्सा लिया।

मंत्रालय के प्रवक्ता ने आगे बताया चर्चाओं में रीजनल और ग्लोबल माइग्रेशन प्रोसेस में भारत की चल रही भागीदारी और सेफ, ऑर्डरली तथा रेगुलर माइग्रेशन से जुड़ी भारत की पहल, अनुभव एवं नई प्राथमिकताओं को शेयर करने को दिखाया गया।

बता दें कि विदेश मंत्रालय आईओएम के साथ मिलकर कई पहलों के तहत माइग्रेशन को सरल, सहज एवं सुरक्षित बनाने को लेकर काम कर रहा है। उदाहरण के तौर पर दिसंबर 2023 में लॉन्च किया गया 'प्रोजेक्ट प्रयास' भारतीय युवाओं और कुशल पेशेवरों के लिए सुरक्षित एवं नियमित प्रवासन की सुविधा प्रदान करता है। इसका उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकारों के बीच समन्वय को मजबूत करना है।

इसके अलावा विदेश मंत्रालय का इंडिया सेंटर फॉर माइग्रेशन (आईसीएम) तथा आईओएम भारत में डेटा-सूचित और प्रवासी-केंद्रित प्रवासन प्रबंधन ढांचे को मजबूत करने के लिए एक परियोजना पर काम कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर केंद्र सरकार ओवरसीज मोबिलिटी (सुरक्षा एवं कल्याण) विधेयक लाने की प्रक्रिया में भी है, जो 1983 के उत्प्रवास अधिनियम (इमिग्रेशन एक्ट) की जगह लेगा और अंतरराष्ट्रीय समझौतों के कार्यान्वयन की निगरानी के लिए एक तंत्र बनाएगा, जोकि विदेश में रोजगार के लिए सुरक्षित एवं नियमित प्रवासन को बढ़ावा देगा।

# उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुई माध्यमिक शिक्षा बोर्ड परीक्षा, 20 लाख परीक्षार्थियों ने लिया भाग

स्मार्ट हलचल

**मेड़ता रोड।** राज्यभर में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाएँ आज से विधिवत रूप से शुरू हो गई। इस वर्ष लगभग 20 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। परीक्षा को लेकर छात्रों में लंबे समय से तैयारी और उत्सुकता बनी हुई थी, जिसका असर परीक्षा केंद्रों पर साफ देखने को मिला।

सुबह से ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की भीड़ नजर आई। निर्धारित समय से पहले ही छात्र-छात्राएँ अपने प्रवेश पत्र और आवश्यक सामग्री के साथ केंद्रों पर पहुँच गए। कई स्थानों पर अभिभावक भी अपने बच्चों का



हौसला बढ़ाने के लिए साथ आए। सुरक्षा और पारदर्शिता को ध्यान में रखते हुए बोर्ड द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्रों पर कड़ी निगरानी, सीसीटीवी कैमरे और पर्याप्त संख्या में पर्यवेक्षक तैनात रहे।

परीक्षा समाप्त होने के बाद जब छात्र केंद्रों से बाहर निकले तो उनके चेहरों पर खुशी और संतोष साफ झलक रहा था। अधिकांश परीक्षार्थियों ने प्रश्नपत्र को संतुलित और पाठ्यक्रम आधारित बताया। कई छात्रों ने कहा कि उनकी तैयारी के अनुरूप ही प्रश्न पूछे गए, जिससे उन्हें आत्मविश्वास मिला।

परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में खासा उत्साह देखने को मिला। छात्रों ने बताया कि वे आगामी परीक्षाओं के लिए भी पूरी तरह तैयार हैं और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। बोर्ड प्रशासन ने भी परीक्षाओं को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने पर संतोष व्यक्त किया है।

आगामी दिनों में अन्य विषयों की परीक्षाएँ आयोजित की जाएंगी। बोर्ड ने सभी परीक्षार्थियों से समय का पालन करने और नियमों का कड़ाई से पालन करने की अपील की है।

# आज से शुरू हुई बोर्ड परीक्षा, 19.90 लाख परीक्षार्थी हुए शामिल, 6194 केंद्रों पर कड़ी निगरानी

स्मार्ट हलचल

**अजमेर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की सेकंडरी एवं सीनियर सेकंडरी परीक्षाएं गुरुवार से प्रदेशभर में प्रारंभ हो गई हैं। पहले दिन सेकंडरी ण्डरी परीक्षा में अंग्रेजी अनिवार्य (कोड-02) विषय की परीक्षा आयोजित की गई, जबकि सीनियर सेकंडरी में मनोविज्ञान (कोड-19) विषय की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षाओं के लिए राज्यभर में कुल 6 हजार 194 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। इस वर्ष बोर्ड परीक्षाओं में कुल 19 लाख 90 हजार 57 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं। इनमें सेकंडरी के 10 लाख 68 हजार 109 तथा सीनियर सेकंडरी के 9 लाख 10 हजार 9 परीक्षार्थी शामिल हैं। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा में 4 हजार 122 और प्रवेशिका परीक्षा में 7 हजार 8 17 परीक्षार्थी भाग ले रहे हैं। परीक्षा प्रक्रिया की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए इस बार अभय कमाण्ड सेंटरों से भी जिलों के परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

परीक्षाओं की विधिवत शुरुआत से पूर्व बोर्ड परिसर में बोर्ड प्रशासक



एवं संभागीय आयुक्त शक्ति सिंह राठौड़ तथा बोर्ड सचिव गजेंद्र सिंह राठौड़ सहित अधिकारियों ने पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कक्ष और कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नकल रहित परीक्षा के लिए कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जा रही है। उड़नदस्तों की तैनाती के साथ-साथ विशेष दल भी गठित किए गए हैं। बोर्ड कार्यालय स्थित कंट्रोल रूम और सीसीटीवी कंट्रोल रूम पर कार्मिकों की 24 घंटे ड्यूटी लगाई गई है।

परीक्षा का समय सामान्य परीक्षार्थियों के लिए प्रातः 8.30 बजे से 11.45 बजे तक निर्धारित किया गया है। वहीं प्रवेशिका एवं वरिष्ठ उपाध्याय (मूक-बधिर) परीक्षार्थियों के लिए समय प्रातः 8.30 बजे से दोपहर 12.45 बजे तक रखा गया है।

बोर्ड द्वारा परीक्षाओं के दौरान शिकायतों के समाधान हेतु कंट्रोल रूम 24 घंटे संचालित किया जा रहा है। शिकायतकर्ता अपना नाम, पता और मोबाइल नंबर दर्ज कराते हुए शिकायत क्रमांक अवश्य प्राप्त करें, जिससे समाधान की जानकारी ली जा सके। बोर्ड के कंट्रोल रूम के फोन नंबर 0145-2632866, 26328 67, 2632668, 4083549 एवं 4083550 जारी किए गए हैं।

# सड़क दुर्घटना में घायल की हुई मौत मृतक की नहीं हुई शिनाख्त

स्मार्ट हलचल|नीरज मीणा

**महुवा।** राष्ट्रीय राजमार्ग भरतपुर रोड स्थित मिस्त्री मार्केट में सड़क दुर्घटना में घायल हुए अधेड़ ने जयपुर एसएमएस हॉस्पिटल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मृतक की शिनाख्त नहीं होने पर उसका शव एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया। थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि मिस्त्री मार्केट में अज्ञात वाहन ने एक जने को टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ।

जिसे महुवा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर र-ैपर कर दिया गया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक कि शिनाख्त नहीं होने पर उसका सव एसएमएस अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि मृतक की उम्र 50 वर्ष, कद 5 फीट 8 इंच, रंग सांवला, उसने काले रंग की पेंट तथा सफेद रंग की शर्ट पहनी हुई है।

## कानपुर में लेम्बोर्गिनी से 6 लोगों को घायल करने का मामला

# पैसे के बल पर नहीं बचा करोड़पति का बेटा, गिरफ्तार



स्मार्ट हलचल

**कानपुर।** माना जाता है कि इस कलयुग में पैसा ही सब कुछ है और उसके बल पर कोई भी कुछ भी कर सकता है, लेकिन कानपुर में ऐसा नहीं हुआ। मतलब

अरबपति का पैसा कम नहीं आया और 5 करोड़ से ज्यादा कीमत वाली लेम्बोर्गिनी कार से टक्कर मारकर आधा दर्जन लोगों को घायल करने उसके बेटे को आज गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

डीसीपी अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि लेम्बोर्गिनी केस में आरोपी शिवम मिश्रा को आज गुरुवार सुबह घर के सामने से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि उसे सूचना मिली थी कि आरोपी शिवम मिश्रा एंबुलेंस से भाग रहा है। लेकिन इसके पहले ही उसेगिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक अरबपति शिवम पर जांच में सहयोग न करने और लगातार खुद को छिपाए रखने के आधार पर गिरफ्तार किया गया।

अपनी गिरफ्तारी के दौरान हाथ में वीगो लगाए शिवम बीमार भी नजर आया। इस बीच पुलिसवाले और रिश्तेदार उसे सहारा देते भी नजर आए। उसके साथ दिल्ली के एक फैमिली डॉक्टर लगे रहे। मेडिकल कराने के बाद पुलिस उसे ए जे सी एम कोर्ट लेकर पहुंचीं।

घटना के बारे में यह भी बतातेचलें कि अरबपतियों में सुमार तंबाकू कारोबारी केके मिश्रा ने अपने इकलौते बेटे शिवम को बचाने की तमाम कोशिशें कीं, लेकिन सफल नहीं हो पाए।

घटनाक्रम के मुताबिक बीती 8 फरवरी को हादसे के तुरंत बाद पहले घटनास्थल से बेटे को हटवाया था। साथ ही मीडिया से बातचीत में बेटे शिवम द्वारा गाड़ी नहीं चलाने काभी दावा किया था। तुल पकड़ने पर सीएम योगी आदित्य नाथ ने भी अफसरों को कार्रवाई के निर्देश दिए थे। जिसके बाद कानपुर पुलिस कमिश्नर रघुबीर ने भी कहा था कि गाड़ी कारोबारी का बेटा शिवम ही चला रहा था। जांच में इसकी पुष्टि हुई। कमिश्नर के इस बयान पर कारोबारी भड़क भी गए थे और उन्हें झूठा बता दिया था। यही नहीं अरबपति शिवम को कानून के शिकंजे से बचाने के लिए जो रणनीति बना गई थी उसके तहत ही कल बुधवार को कानपुर कोर्ट में मोहन नाम का शख्स सरेंडर करने पहुंचा था। उसने दावा किया कि था कि हादसे के वक्त लेम्बोर्गिनी कार वह खुद यानी मोहन चला रहा था। लेकिन कोर्ट ने आरोपी नहीं मानते हुए ड्राइवर मोहन की अर्जी खारिज कर दी थी। फिलहाल अरबपति कारोबारी और पुलिस के बीच का यह मामला अभी भी चर्चा का विषय बना हुआ है।


# विधायक राजेंद्र मीणा ने विधानसभा में महुवा केंद्रीय बस स्टैंड को हिंडौन की जगह दौसा डिपो से जोड़ने का मुद्दा उठाया

स्मार्ट हलचल

**महुवा।** महुवा विधानसभा से विधायक राजेंद्र मीणा ने गुरुवार को राजस्थान विधानसभा में नियम 295 के तहत विशेष उल्लेख प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए महुवा स्थित रोडवेज केंद्रीय बस स्टैंड के संचालन को लेकर महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया। विधायक राजेंद्र मीणा ने सदन को अवगत कराया कि उनके विधानसभा क्षेत्र महुवा में संचालित राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम का केंद्रीय बस स्टैंड वर्तमान में हिंडौन आगार (जिला करौली) से संचालित हो रहा है, जबकि महुवा प्रशासनिक रूप से दौसा जिले में आता है।

महवा विधायक राजेंद्र मीणा ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा बजट घोषणा 2024 , 25 में महुवा बस स्टैंड के विकास हेतु 1.50 करोड़ की स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसके तहत केंद्रीय बस स्टैंड का विकास कार्य पूर्ण हो चुके हैं।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि क्षेत्र के समग्र विकास की दृष्टि से राजस्थान राजपथ परिवहन निगम के केंद्रीय बस स्टैंड महुवा का सुदृढ़ संचालन अत्यंत आवश्यक है, लेकिन वर्तमान में करौली जिले के हिंडौन डिपो से संचालन होने के कारण प्रशासनिक समन्वय एवं वित्तीय स्वीकृतियों में अनावश्यक कठिनाइयाँ उत्पन्न होती हैं। इससे विकास कार्यों की



गति प्रभावित होती है तथा स्थानीय स्तर पर निर्णय लेने में विलंब होता है।

विधायक राजेंद्र मीणा ने कहा कि महुवा क्षेत्र की भौगोलिक, प्रशासनिक एवं जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए महुवा केंद्रीय बस स्टैंड का संचालन दौसा डिपो से किया जाना अधिक तर्कसंगत एवं जनहितकारी होगा। इससे न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाएँ सरल होंगी, बल्किपूर्व में महुवा बस स्टेण्ड पर स्मार्ट कार्ड सुविधा उपलब्ध थी, जो पिछले एक वर्ष से बंद है। जिससे वरिष्ठ नागरिक, विशेष योग्यजन, महिला, विधार्थी, मासिक यात्रा करने लोगों को रोडवेज से मिलने वाली रियायत का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उम्मीद है दौसा डिपो से संचालन के पश्चात महुवा बस स्टेण्ड पर स्मार्ट कार्ड सुविधा के साथ रिजर्वेशन आदि सुविधा पुनः बहाल होगी। यात्रियों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराने, बसों के संचालन में सुधार तथा संसाधनों के समुचित उपयोग में भी सहायता मिलेगी।

विधायक राजेंद्र मीणाने अध्यक्ष के माध्यम से परिवहन मंत्री एवं उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा से निवेदन किया। कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए महुवा केंद्रीय बस स्टैंड का संचालन हिंडौन डिपो के स्थान पर दौसा डिपो से करवाने हेतु आवश्यक प्रशासनिक एवं विभागीय कार्रवाई शीघ्र सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि राज्य सरकार क्षेत्र की जनता की जन भावनाओं का सम्मान करते हुए सकारात्मक निर्णय लेगी, जिससे महुवा विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी और आमजन को बेहतर परिवहन सुविधाएँ प्राप्त होंगी वहीं राजस्थान राजपथ परिवहन निगम को राजस्व में बढ़ोतरी होगी।

विधायक राजेंद्र मीणा द्वारा जनहित को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय बस स्टैंड महुवा को हिंडौन डिपो से हटाकर दौसा डिपो से जोड़ने की मांग पर महुवा विधानसभा क्षेत्र के आमजन सहित जनप्रतिनिधि व सामाजिक संगठनों ने खुशी जताई है।

# ईओ एवं एईएन ने किया सड़क डामरीकरण कार्य का निरीक्षण



स्मार्ट हलचल

**भीनमाल।** नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी रमेश कंसारा ने वार्ड संख्या 24 में कंसारों के मोहल्ले से दूधराज जैन के मकान तक चल रहे सड़क डामरीकरण कार्य का स्थल निरीक्षण किया इस दौरान उनके साथ मुकेश चौहान भी मौजूद रहे।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच की तथा मौके पर मौजूद ठेकेदार और कार्मिकों को निर्धारित मानकों के अनुसार कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य पूरी गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए। निरीक्षण के समय वार्डवासी भी उपस्थित रहे।

# भारतीय रेलवे के विद्युतीकरण से 2024-25 में डीजल की खपत में 178 करोड़ लीटर की कमी आई है, जो 2016-17 की तुलना में 62% की कमी है

**25 राज्यों में रेलवे का पूर्ण विद्युतीकरण हो चुका है; 2023-24 से अब तक 10,932 किलोमीटर रूटों का विद्युतीकरण हो चुका है**

**बायो-टॉयलेट, अलग-अलग कूड़ेदान, सीवेज ट्रीटमेंट, बोतल क्रशिंग मशीन और स्वच्छ भारत अभियान से यात्रियों का अनुभव बेहतर**

स्मार्ट हलचल | कोटा

भारतीय रेलवे के रेल नेटवर्क के विद्युतीकरण का कार्य मिशन मोड में शुरू किया गया है। अब तक, ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.4% विद्युतीकरण हो चुका है। शेष नेटवर्क के विद्युतीकरण का कार्य जारी है। 2014-25 के दौरान और उससे पहले किए गए विद्युतीकरण का विवरण इस प्रकार हैः वर्ष 2014 से पहले (लगभग 60 वर्ष) 21,801 किलोमीटर, वर्ष 2014-25 में 46,900 किलोमीटर

## क्षेत्रवार विद्युतीकरण की स्थिति इस प्रकार है

1. मध्य रेलवे 100% 2. पूर्वी तटीय रेलवे 100% 3. पूर्व मध्य रेलवे 100% 4. पूर्वी रेलवे 100% 5. कोंकण रेलवे 100% 6. कोलकाता मेट्रो 100% 7. उत्तर मध्य रेलवे 100% 8. उत्तर पूर्वी रेलवे 100% 9. उत्तरी रेलवे 100% 10. दक्षिण मध्य रेलवे 100% 11. दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे 100% 12. दक्षिण पूर्वी रेलवे 100% 13. पश्चिम मध्य रेलवे 100% 14. पश्चिम रेलवे 100% 15. उत्तर पश्चिम रेलवे 99% 16. पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे 99% 17. दक्षिण रेलवे 98% 18. दक्षिण पश्चिमी रेलवे 96%

राज्य/केंद्र शासित प्रदेशवार विद्युतीकरण की स्थिति इस प्रकार हैः

1. आंध्र प्रदेश 100% 2. अरुणाचल प्रदेश 100% 3. बिहार 100% 4. चंडीगढ़ 100% 5. छत्तीसगढ़ 100% 6. दिल्ली 100% 7. गुजरात 100% 8. हरियाणा 100% 9. हिमाचल प्रदेश 100% 10. जम्मू और कश्मीर 100% 11. झारखंड 100% 12. केरल 100% 13. मध्य प्रदेश 100% 14. महाराष्ट्र 100% 15. मेघालय 100% 16. मिजोरम 100% 17. नागालैंड 100% 18. ओडिशा 100% 19. पुडुचेरी 100% 20. पंजाब 100% 21. तेलंगाना 100% 22. त्रिपुरा 100% 23. उत्तर प्रदेश 100% 24. उत्तराखंड 100% 25. पश्चिम बंगाल 100% 26. राजस्थान 99% 27. असम 98% 28. तमिलनाडु 97% 29. कर्नाटक 97% 30. गोवा 91%

सभी नई रेल लाइन/मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं को विद्युतीकरण के साथ स्वीकृत और निर्मित किया जा रहा है।

पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) के दौरान, तमिलनाडु सहित रेलवे विद्युतीकरण परियोजनाओं पर 29,826 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं।

2023-24 से जनवरी 2026 तक 10,932 किलोमीटर रेल का विद्युतीकरण किया जा चुका है।

विद्युतीकरण परियोजनाओं का पूरा होना कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे वन विभाग के अधिकारियों द्वारा वन संबंधी मंजूरी, अतिक्रमण करने वाली उपयोगिताओं का स्थानांतरण, विभिन्न प्राधिकरणों से वैधानिक मंजूरी, क्षेत्र की भौगोलिक और स्थलाकृतिक स्थिति, परियोजना स्थल के क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति, जलवायु परिस्थितियों के कारण किसी विशेष परियोजना स्थल के लिए एक वर्ष में कार्य महीनों की संख्या आदि। ये सभी कारक परियोजनाओं के पूरा होने के समय को प्रभावित करते हैं।

विद्युतीकरण के चलते भारतीय रेलगाड़ियों में डीजल की खपत में कमी आई है। भारतीय रेलगाड़ी ने 2016-17 की तुलना में 2024-25 में डीजल की खपत में 178 करोड़ लीटर की बचत की है, जो 62% की बचत है। इससे कच्चे तेल के आयात पर निर्भरता कम हुई है। भारतीय रेलगाड़ी ने 2024-25 के दौरान कुल ऊर्जा खपत पर 32,378 करोड़ खर्च किए। उत्तर पश्चिम रेलवे पर भी वर्ष 2024-25 में वर्ष 2023-24 की तुलना में 75,492 किलो लीटर डीज़ल की बचत हुए है जिससे इस मद में लगभग 691 करोड़ रुपए का व्यय कम हुआ है।

भारतीय रेलगाड़ी द्वारा इलेक्ट्रिक और डीजल इंजनों के रखरखाव पर खर्च की गई राशि का विवरण भारतीय रेलगाड़ी के वार्षिक सांख्यिकी विवरण में उपलब्ध है, जो भारतीय रेलगाड़ी की वेबसाइट पर उपलब्ध है। रेलवे पर्यावरण और लागत संबंधी चिंताओं के कारण इलेक्ट्रिक इंजनों की ओर अग्रसर है। हालांकि बायो-डीजल पर परीक्षण किए जा चुके हैं, लेकिन इलेक्ट्रिक इंजन बायो-डीजल की तुलना में कहीं अधिक लाभकारी हैं।

# किसानों की बैठक आयोजित, कृषि क्षेत्र में किए समझौते पर जताया विरोध



स्मार्ट हलचल | सूरौठ

क्षेत्र के किसानों की बैठक गुरुवार को कस्बे में बयाना मार्ग स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले आश्रम में आयोजित की गई। बैठक में किसानों ने भारत सरकार की ओर से अमेरिका से कृषि के क्षेत्र में किए गए समझौते का विरोध जताया। किसानों ने नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। सामाजिक कार्यकर्ता भगवान सिंह मीणा भुकरावली ने बताया कि क्षेत्र के काफी किसान दोपहर में यहां महात्मा ज्योतिबा फुले आश्रम में एकत्रित हुए तथा अमेरिका से किए गए कृषि समझौते का विरोध जताया। किसानों ने बताया कि भारत और अमेरिका के समझौते से कृषि क्षेत्र में विदेशी खाद्य पदार्थ भारत में सस्ती कीमत पर आने लगेंगे जिससे भारतीय किसानों के खाद्य उत्पादों पर बुरा असर पड़ेगा। भारत में 70% आबादी खेती पर निर्भर है और यहां अधिकतर लघु सीमांत कृषक हैं। छोटे किसानों पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। साथ में मिलने वाली सब्सिडी भी कम हो जाएगी। किसानों ने भारत सरकार से समझौते को रद्द करने की मांग की।

# 26 फरवरी को होगा भव्य 'म्यूजिकल नाइट' आयोजन



स्मार्ट हलचल | कोटा

शहर के संगीत प्रेमियों के लिए 26 फरवरी 2026 की शाम खास होने जा रही है। सृजन द स्पार्क, कोटा चैप्टर द्वारा सिटी पार्क स्थित एम्फीथिएटर में भव्य 'म्यूजिकल नाइट' का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम शाम 7:15 बजे से प्रारंभ होगा।

गुरूवार को सृजन कोटा की टीम ने बैठक कर तैयारियों की रूप रेखा तय कि बैठक में अध्यक्ष विजय सरदाना,सचिव संजीव अ ग्रवाल,उपाध्यक्ष अनिमेष जैन,कोषाध्यक्ष विकास अजमेरा,प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार जैन,अनिश बिरला,उमेश गोयल,डा कपिल सिद्धार्थ,अमित बंसल, अजय जैन,संदीप जैन सहित कई सदस्य उपस्थित रहे।

अध्यक्ष विजय सरदाना ने बताया कि संगीतमय संध्या में प्रसिद्ध सुप्रसिद्ध गायक आलोक कटदरे व प्लेबैक सिंगर मोनिका कामथ अपनी सुरमयी प्रस्तुतियों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। दोनों कलाकार बॉलीवुड और लाइव कॉन्सर्ट्स के लिए जाने जाते हैं।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजकुमार जैन ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य कोटा शहर में संगीत गतिविधियों को बढ़ावा देना।आलोक कटदरे एक लोकप्रिय अंतराष्ट्रीय मराठी-हिंदी सिंगर हैं। वे लाइव शोज में किशोर कुमार के गाने गाते हैं और कॉन्सेप्ट परफॉर्मेंस के लिए मशहूर हैं।मोनिका कामथ) का नाम संगीत प्लेटफॉर्म्स पर प्लेबैक सिंगर के रूप में जुड़ा है, जैसे ऐपल म्यूजिक पर उनके गाने उपलब्ध हैं। वे पुराने बॉलीवुड या क्षेत्रीय गीतों से जुड़ी हो वह लता मंगेशकर के सदाबाहर गानो पर परफॉर्मेंस के लिए मशहूर हैं।

# निर्धारित अवधि में निर्माण नहीं कराने पर प्राधिकरण की सख्त कार्यवाही

स्मार्ट हलचल | कोटा

सुभाष नगर में 4 भूखण्डों के आवंटन निरस्त आज दिनांक 12 फरवरी 2026, गुरुवार को कोटा विकास प्राधिकरण परिसर में आयुक्त महोदया श्रीमती ममता तिवाड़ी की अध्यक्षता में नियमित जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत कीं, जिन पर आयुक्त महोदया द्वारा गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में कुल 52 प्रकरण दर्ज किए गए। इनमें भूखण्ड का पट्टा जारी करने, नामांतरण, भवन निर्माण स्वीकृति, पुनर्वास, लीज डीड, आधारभूत सुविधाओं के विकास, सड़क-नाली निर्माण तथा अन्य विकास संबंधी विषय प्रमुख रहे। इनमें से कुछ प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया, जबकि शेष प्रकरणों



में आगामी जनसुनवाई की तिथि निर्धारित कर संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पूर्व में प्राप्त शिकायतों के क्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लंबे समय से खाली पड़े भूखण्डों के कारण उत्पन्न जलभराव, गंदगी एवं मच्छरजनित समस्याओं को गंभीरता से लिया गया। इसी क्रम में सुभाष नगर आवासीय योजना में भूखण्ड संख्या 1137, 1157, 1159 एवं 1160 की जांच की गई। उक्त भूखण्डों पर आवंटियों द्वारा निर्धारित अवधि के उपरांत भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किया गया तथा पूर्व में जारी नोटिसों के बावजूद संतोषजनक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया।

परिणामस्वरूप जनहित को दृष्टिगत रखते हुए प्राधिकरण द्वारा संबंधित 4 भूखण्डों का आवंटन तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही शहर में ऐसे अन्य खाली भूखण्डों को भी चिन्हित कर नियमानुसार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी प्रकार बंधा धर्मपुरा रोड स्थित डिफेंस गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड, कोटा की आवासीय योजना डिफेंस कॉलोनी में विगत कई वर्षों से लंबित सेल परमिशन एवं पट्टे जारी करने की कार्यवाही पुनः प्रारंभ करवाई गई है। इसके अतिरिक्त कॉलोनी में आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु लगभग 07 करोड़ रुपये की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी की गई है, जिससे क्षेत्रवासियों को शीघ्र आवश्यक नागरिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी। आयुक्त महोदया ने निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की शिथिलता स्वीकार्य नहीं होगी तथा सभी प्रकरणों का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जनसुनवाई के दौरान प्राधिकरण के सचिव श्री मुकेश कुमार चौधरी, उपायुक्त श्री हर्षित वर्मा, श्रीमती मालविका त्यागी सहित समस्त निदेशक, तहसीलदार एवं अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बजट में वरिष्ठ जनों को दरकिनार किया आरजीएचएस पेंशनर्स को दवाइयां नहीं मिल रही

स्मार्ट हलचल | कोटा



वरिष्ठ समाजसेवी अरुण भार्गव ने बताया कि राजस्थान का जो बजट पेश हुआ है वह वृद्ध जनों के लिए कुठारा घात है पूरे राजस्थान में वृद्ध जनों की संख्या बढ़ रही है लेकिन बजट में उनके बारे में कोई विशेष ध्यान नहीं दिया गया।

भार्गव ने बताया कि उपभोक्ता भंडारों की हालत यह है की डॉक्टर का पर्चा लेकर जाओ दवाई अगर 5000 रुपए से ऊपर की हो तो वह नहीं मिलती है बिल 5000 से काम का ही बनाते हैं बाकी की दवाई पेंशनर को जेब से लेनी पड़ती है कई दवाइयां उपलब्ध भी नहीं होती बताया जाता है कि 800 करोड़ से अधिक रुपया सरकार के द्वारा नहीं दिया गया आरजीएस से संबंधित मेडिकल स्टोर में पेंशनर वृद्ध जनों को बिना दवाई के ही खाली हाथ लौटा देते हैं।

इस बजट में वृद्धो के लिए वृद्ध आश्रम या कोई और ऐसी व्यवस्था नहीं की गई जो वृद्ध जनों के हित में हो राज्य सरकार को इसमें पुनः विचार करके आरजीएचएस की जितनी दवाई डॉक्टर लिखें उतनी ही दवाई बीमार मरीज को उपलब्ध हो ऐसी व्यवस्था सरकार द्वारा होनी चाहिए।

वृद्ध आदमी बहुत परेशानी से घर से आते हैं ऑटो का आने जाने का पैसा लगता है और खाली हाथ लौटना पड़ता है।

# ईटानगर में हाई-प्रोफाइल शादी समारोह बना सामाजिक संवाद का मंच


**गृह मंत्री मामा नाटुंग के पुत्र के विवाह में मुख्यमंत्री पेमा खांडू व राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक से मुलाकात, देश की पहली जय मिनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी कोटा पर चर्चा**

## देश के विभिन्न राज्यों से पहुंचे मेहमान, बना राष्ट्रीय स्तर का आयोजन

स्मार्ट हलचल | ईटानगर

अरुणाचल प्रदेश के गृह मंत्री मामा नाटुंग जी के पुत्र के विवाह समारोह ने केवल सामाजिक उत्सव का ही रूप नहीं लिया, बल्कि यह कार्यक्रम राष्ट्रीय स्तर के सामाजिक संवाद और महत्वपूर्ण मुलाकातों का केंद्र बन गया। देश के विभिन्न राज्यों से आए मेहमानों, सामाजिक प्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों की उपस्थिति ने समारोह को विशेष बना दिया।

इस अवसर पर अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू जी एवं राज्यपाल माननीय लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक से सौजन्य मुलाकात हुई, जिसमें आदिवासी समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर



विस्तृत चर्चा की गई।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने आदिवासी यूनिवर्सिटी कोटा सहित विभिन्न सामाजिक, प्रशासनिक और आदिवासियों की विभिन्न समस्याओं से मुख्यमंत्री और राज्यपाल को अवगत कराया। आदिवासी समुदाय की शिक्षा, सुरक्षा और अधिकारों से जुड़े विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। प्रतिनिधियों ने समाज के समग्र विकास के लिए सरकार और समाज के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया।

इस अवसर पर देश की पहली जय मिनेश आदिवासी यूनिवर्सिटी कोटा चर्चा का मुख्य केंद्र रही। मुख्यमंत्री पेमा खांडू जी ने यूनिवर्सिटी का दौरा करने की इच्छा जाहिर करते हुए कहा कि समाज की समिति द्वारा स्थापित की जा रही यह यूनिवर्सिटी शिक्षा के क्षेत्र में नया आयाम स्थापित करेगी और आदिवासी युवाओं के लिए उच्च शिक्षा के नए अवसर खोलेगी। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत्त) कैवल्य त्रिविक्रम परनाइक ने भी शिक्षा को समाज के सशक्तिकरण का आधार बताते हुए ऐसे प्रयासों की सराहना की।

मुख्यमंत्री और राज्यपाल दोनों ने प्रतिनिधिमंडल द्वारा उठाए गए मुद्दों को गंभीरता से सुनते हुए सकारात्मक पहल और आवश्यक सहयोग का आश्वासन दिया। समारोह के दौरान सामाजिक एकता, सांस्कृतिक परंपराओं और राष्ट्रीय एकता की झलक देखने को मिली, जहां विभिन्न राज्यों से आए मेहमानों ने आपसी भाईचारे और विकास के संकल्प को मजबूत किया।

# आशा सहयोगिनियों ने प्रदर्शन कर सौंपा विभिन्न मांगो का ज्ञापन

**चित्तौड़गढ़।** केन्द्रीय श्रमिक संगठनों के राष्ट्रव्यापी आह्वान पर गुरूवार को राजस्थान आशा सहयोगिनी यूनियन के तत्वावधान में आशा सहयोगिनियों ने मानव श्रृंखला बना कर प्रदर्शन किया और अपनी मांगों का ज्ञापन राष्ट्रपति के नाम जिला कलक्टर को सौंपा।

अध्यक्ष चंदा सुखवाल व महामंत्री राधा जोशी ने बताया कि पिछले काफी समय से आशा वर्कर निरन्तर सरकार का काम करते आ रही है, लेकिन अब शोषित हो रही है जिससे समस्त आशा वर्कर में रोष व्याप्त है। आशा वर्करों का पिछले चार माह से मानदेय बकाया है। कोई भी सरकारी कार्यक्रम हो तो आशा कर्मियों की ड्यूटी लगा दी जाती है जिसका कोई इंसेन्टिव नहीं दिया जाता है। पिछले कई वर्षों से सरकार द्वारा मानदेय में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई। पहले तो केन्द्र सरकार और अब राज्य सरकार के बजट घोषणा में भी आशावर्कर को कोई राहत नहीं दी गई जिससे आशा कर्मियों में काफी निराशा रही। अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आशावर्करों ने मानव श्रृंखला बनाई और विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान कमलेश पाराशर, तब्बसुम खान, लक्ष्मी सालवी, परवीन बानू, मंजू जैन, प्रेम जैन, सुमन जैन, रीना व्यास, मंजु जाट, कृष्णा प्रजापत, रेखा सालवी, नसीम बानु, सीमा सेन, राजश्री, ममता सोनी, सीटू के महामंत्री आरके सिंह, जिला उपाध्यक्ष रतनलाल शर्मा, डॉ. ओपी भण्डारी, प्रगतिशील महिला फेडरेशन जिलाध्यक्ष राधा भंडारी, राजमल शर्मा, प्रभात कुमार सिन्हा सहित कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नारायणपुर में सिविल न्यायालय की मांग को लेकर दूसरे दिन भी अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार



## कस्बे में निकाली बाइक रैली

स्मार्ट हलचल

**नारायणपुर।** कस्बे में एडवोकेट समीक गंगावत के सानिध्य में उपखंड स्तर पर सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खोले जाने की मांग को लेकर आंदोलन तेज हो गया है। तहसील कार्यालय के सामने चल रहे धरने के दूसरे दिन अभिभाषक संघ, डीड राइटर और स्टाम्प वेंडरों ने न्यायिक कार्यों का पूर्ण बहिष्कार किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में अपनी बाइकों पर मांग से संबंधित तख्तियां लगाकर तहसील कार्यालय से मुख्य बाजार तक बाइक रैली निकाली और जमकर नारेबाजी की। एडवोकेट समीक गंगावत ने स्पष्ट किया कि जब तक सरकार नारायणपुर में सिविल न्यायालय खोलने का निर्णय नहीं लेती, तब तक कार्य का बहिष्कार जारी रहेगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने शीघ्र ही सकारात्मक कदम नहीं उठाए तो इस आंदोलन को और अधिक उग्र रूप दिया जाएगा। अधिवक्ताओं ने बताया कि वे इस संबंध में क्षेत्रीय विधायक देवीसिंह शेखावत और मुख्यमंत्री के नाम पहले भी ज्ञापन सौंप चुके हैं, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। न्यायालय के अभाव में स्थानीय पक्षकारों को न्यायिक कार्यों के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें मानसिक और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यह स्थिति सरकार की सस्ती, सुलभ और त्वरित न्याय दिलाने की मंशा के विपरीत है। इस विरोध प्रदर्शन के दौरान एडवोकेट रविंद्र शर्मा, रामकृष्ण चोपड़ा, लक्ष्मण प्रसाद दर्जी, तरुण तिवाड़ी, राहुल टेलर, कमलेश चौहान, रणजीत यादव, कैलाश चंद, श्योराम, मारुति प्रजापत, अर्जुन, राजेंद्र चोपड़ा, नरेंद्र शर्मा, सचिन गुर्जर, दाताराम सैनी और सुभाष प्रजापत सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

**आर्थिक रूप से सशक्त महिला, आत्मनिर्भरता की पहली पहचान**

# हिन्दुस्तान जिंक का सखी कार्यक्रम महिलाओं को कर रहा सक्षमः एएसपी सरिता सिंह

स्मार्ट हलचल

**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान जिंक के सखी कार्यक्रम के साथ इतनी सारी महिलाऐं जुड़ी हुई है जो स्वयं को आर्थिक रूप से संपन्न कर रही है किसी भी महिला को कोई भी निर्णय करने के लिए या कोई भी कार्य करने के लिए बहुत आवश्यक है की उसका समाज में योगदान हो, वो तभी संभव है जब आप खुद आर्थिक रूप से सक्षम है। यह बात अतिक्ति पुलिस अधीक्षक सरिता सिंह ने हिन्दुस्तान जिंक चन्देरिया लेड जिंक स्मेल्टर, मंजरी फाउंडेशन एंव सखी संगम समिति द्वारा इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित सखी उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कही। उन्होंने महिलाओं को सरकारी योजनाओं एवं महिला सुरक्षा के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



कार्यक्रम में चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्पलेक्स के लोकेशन हेड आलोक रंजन ने कहा कि वेदांता के चेयरमैन अनिल अग्रवाल एवं हिन्दुस्तान जिंक की चेयरपर्सन प्रिया अग्रवाल का समाज एवं विशेष रूप से महिला सशक्तिरण पर मुख्य रूप से फोकस है। 2019 में शुरू किया गया सखी कार्यक्रम वर्तमान में महिला सशक्तिरण का बडा उदाहरण है जिससे 3 हजार से अधिक महिलाएं जुड़कर स्वयं और परिवार को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कार्यक्रम की विशिष्ठ अतिथी निवर्तमान प्रधान देवेन्द्र कंवर ने कहा कि कार्यक्रम से इतनी सारी सशक्त महिलाओं को जुड़ते देखना बहुत अच्छा लग रहा है। आप सभी को मेरी सलाह है कि दृढ़ रहें और अधिक महिलाओं को प्रेरित करते रहें। सुबह से आयोजित सखी उत्सव में मटकी रेस, रस्सा कस्सी, खेलों का आयोजन हुआ जिसमें महिलाओं ने बढचढकर हिस्सा लिया। फिर राजस्थानी गीतो पर नृत्य, महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। कार्यक्रम का आयोजन सी.एस.आर कार्यक्रम के अन्तर्गत किया गया, जिसमें 1800 से अधिक 'सखी' ग्रामीण महिलाओं, महिला कर्मचारियों एवं जिंक परिवार की सदस्यों ने बढ़ चढ़कर परिवार, समाज और देश को सशक्त करने का प्रण लिया।

खेल प्रतियोगिता प्रतिभागी तथा विजेता महिलाओं को पुरस्कार वितरीत किये गये। सखी उत्सव में सखी फेडरेशन की मैनेजर अर्पिता व्यास ने परियोजना की वर्ष भर की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सखी संगम समिति फेडरेशन का कुल कोष आज 1 करोड़ 22 लाख रुपये का हो चुका है। सबसे गर्व की बात है कि सदस्य बहनों को अब तक वितरित ऋण की कुल राशि 4 करोड़ 75 लाख रुपये है। समारोह में महिलाओं ने चंदेरिया स्मेल्टिंग कॉम्प्लेक्स हिन्दुस्तान जिंक द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए भविष्य में और भी सामाजिक एवं औद्योगिक विकास की योजनाओं की मांग एवं उसमें सहयोग का प्रस्ताव पारित किया।

कार्यक्रम में नगरी सरपंच देवकिशन रेगर, सरपंच रोलाहेडा गोवर्धन सालवी, चैगावडी सरपंच बहादुर सिंह, सतपुडा सरपंच प्रतिनिधि राजेन्द्र सिंह, देवरी सरपंच मांगी लाल डांगी, जिंक लेडिज क्लब से सोनल सुराणा, प्ररेणा मुखर्जी, भाग्या कनन, गुर्जर खेड़ा से कमला देवी, प्रतिरोध फाउण्डेशन से सुमन चैहान, आसीडीएस विभाग से पुजा साहु हेड सीएसआर सुदंर राज, सीएसओ जी मलेशम, डिप्टी सीएसआर हेड योगेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# महाराणा प्रताप कॉलेज में निर्माणाधीन भवन की पट्टी गिरी

**चित्तौड़गढ़।** महाराणा प्रताप राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में चल रहे घटिया निर्माण कार्यों और लापरवाही के चलते गुरुवार को छत से पट्टी गिरने से एक महिला श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गई।

जानकारी के अनुसार महाविद्यालय परिसर में पिछले कुछ समय से नव निर्माण व सौंदर्यकरण के काम चल रहे है। एनएसयूआई से जुड़े छात्रों का आरोप है कि निम्न गुणवत्ता की सामग्री का उपयोग किया जा रहा है, जिससे विद्यार्थियों और यहां आने जाने वालों की जान जोखिम में नजर आ रही है। गुरुवार को हाल ही में लगाई गई एक पट्टी टूटकर महिला श्रमिक पर गिर गई, गनीमत रही कि बड़ा हादसा नहीं हुआ। घायल महिला को तुरन्त जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। एनएसयूआई के संजय राव ने घटिया निर्माण बंद नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है। उल्लेखनीय है कि कॉलेज में सौन्दर्यीकरण के नाम पर लाखों रूपये खर्च करने के बावजूद भवनों की हालत वैसी की वैसी बनी हुई है। गत सप्ताह भी भूगोल विभाग में छत का प्लास्तर गिर गया था।

## वैलेंटाइन डे पर पार्टनर के साथ इन जगहों पर घूमने जाएं, ट्रिप रहेगी यादगार

फरवरी का महीना लव बर्ड्स के लिए बेहद खास माना जाता है। फरवरी महीने को प्यार का महीना कहा जाता है। इस दौरान लोग अपने पार्टनर के साथ घूमने का प्लान बनाते है। यदि आप भी कहीं जाने का प्लान बना रहे हैं, तो आप इन रोमांटिक जगहों पर जरुर जाएं। यह ट्रिप आपकी बेहद यादगार रहेगी।

फरवरी का महीना प्यार महीना कहा जाता है। इस महीने में वैलेंटाइन डे आता है, जो कि कपल इसे सेलिब्रेट करते हैं। कुछ ही दिनों में वैलेंटाइन वीक शुरु हो जाएगा। इस खास महीने में लव बर्ड्स कहीं न कहीं घूमने का प्लान जरुर बनाते हैं। अगर आप भी फरवरी में अपने पार्टनर के साथ छुट्टियां बिताना चाहते हैं और घूमने के लिए जगह की तलाश कर रहे हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। आइए आपको बताते है कि आप किस रोमांटिक प्लेस पर घूमने जा सकते हैं।

**दार्जिलिंग**

फरवरी के महीने में घूमने के लिए सबसे बढ़िया डेस्टिनेशन है दार्जिलिंग। यह पश्चिम बंगाल में स्थित है, जो कि चाय के बागानों से घिरी हुई है। यहां पर टाइगर हिल में एक टॉय ट्रेन चलती है इसमें बैठकर आप सुंदर पहाड़ियों का नजारा देख सकते हैं। वैलेंटाइन डे सेलिब्रेशन के लिए यह जगह काफी अच्छी है।



**महाबलेश्वर**

अगर आप भी पार्टनर के साथ फरवरी में घूमने का प्लान बना रहे है, तो यह एक अच्छी डेस्टिनेशन में से एक है। यह जगह हरे-भरे प्रकृति और सुकून भरे मौसम के साथ ही पहाड़ों के नजारे देख सकते हैं। झरने और झील देख सकते हैं। मुंबई के पास इस जगह पर लोग वीकेंड पर जाना काफी पसंद करते हैं।

**गोवा**

अगर आप फरवरी में कहीं घूमने का प्लान बना रहे हैं, तो आप अपने पार्टनर के साथ गोवा जा सकते हैं। यहां पर आप समुद्र के किनारे सनसेट का मजा ले सकते हैं। यहां पर घूमने कई जगहे हैं। गोवा में आप एडवेंचर एक्टिविटी कर सकते हैं और आप समुद्र किनारे अपने पार्टनर के साथ सुकून के पल बिता सकते हैं।

**हम्पी**

खूबसूरत नजारे के लिए हम्पी काफी फेमस है। यूनेस्को की विश्व धरोहर मानी जाने वाली यह जगह एक हनीमून के लिए भी सबसे बढ़िया है। यहां पर केले के बागान और बिखरी पहाड़ियां हम्पी शहर के प्रमुख आकर्षणों में से एक हो सकती है। हम्पी में घूमने के लिए काफी जगहें है।



# ट्रैकिंग के शौकिनों के लिए यह एक आदर्श स्थल है येलागिरी

**येलागिरी की प्रमुख आकर्षणों में से एक येलागिरी झील है, जहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। इस झील के चारों ओर हरे-भरे बाग-बगिचे और प्राकृतिक सुंदरता फैली हुई है, जो पर्यटकों को विश्राम और शांति का अहसास कराती है।**

येलागिरी, तमिलनाडु राज्य का एक छोटा सा पर्वतीय स्थल है, जो चित्ताकर्षक प्राकृतिक दृश्यावलियों, शांतिपूर्ण वातावरण और रोमांचक पर्यटन स्थलों के लिए प्रसिद्ध है। यह स्थान विशेष रूप से उन पर्यटकों के लिए आदर्श है जो शहरी हलचल से दूर शांतिपूर्ण जगहों की तलाश में रहते हैं। यहां के हरे-भरे पहाड़, खूबसूरत झीलें और सुरम्य ट्रैकिंग रूट्स पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। आइए जानते हैं येलागिरी के कुछ प्रमुख पर्यटन स्थलों के बारे में।

**1. येलागिरी झील**

येलागिरी की प्रमुख आकर्षणों में से एक येलागिरी झील है, जहां पर्यटक नौका विहार का आनंद ले सकते हैं। इस झील के चारों ओर हरे-भरे बाग-बगिचे और प्राकृतिक सुंदरता फैली हुई है, जो पर्यटकों को विश्राम और शांति का अहसास कराती है। यहां बच्चों के खेलने के लिए पार्क भी हैं, जो इसे परिवारों के लिए एक आदर्श स्थल बनाता है।



**2. स्वामीमलई हिल्स**

स्वामीमलई हिल्स येलागिरी की सबसे ऊंची चोटी है और यहां ट्रैकिंग का आनंद लिया जा सकता है। ट्रैकिंग के शौकिनों के लिए यह एक आदर्श स्थल है, क्योंकि यहां की चढ़ाई आपको अद्वितीय दृश्य और प्रकृति के नजारे प्रदान करती है। इसके ऊपर से आसपास के इलाके का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है।

**3. पंगलिंगम झरना**

येलागिरी के पंगलिंगम झरने में गिरते हुए पानी की आवाज और ठंडी हवा पर्यटकों को ताजगी का एहसास कराती है। यह झरना प्रकृति प्रेमियों और फोटोग्राफी के शौकिनों के लिए एक आदर्श स्थल है। यहां पहुंचने के लिए कुछ ट्रैकिंग भी करनी पड़ती है, जो इस स्थान को और भी रोमांचक बनाती है।

**4. जैन मंदिर**

येलागिरी में स्थित जैन मंदिर एक ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल है। यह मंदिर शांतिपूर्ण वातावरण में स्थित है और यहां के दर्शन करने से एक अलग ही अनुभव मिलता है। यह मंदिर अपनी वास्तुकला और धार्मिक महत्व के कारण पर्यटकों को आकर्षित करता है।

**5. विलियानुर झरना**

यह झरना येलागिरी के पास स्थित एक और लोकप्रिय स्थान है। यहां पर गिरते पानी के झरने के साथ-साथ आसपास की हरी-भरी वादियों का दृश्य बहुत ही मनमोहक होता है। इस झरने के पास घूमने और प्रकृति के नजारे का आनंद लिया जा सकता है।

**6. येलागिरी पार्क**

यह पार्क येलागिरी झील के पास स्थित है और यहां आप परिवार के साथ पिकनिक का आनंद ले सकते हैं। पार्क में बच्चों के खेलने के लिए खेलकूद के सामान और अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। यह स्थल विशेष रूप से परिवारों के लिए एक आदर्श गंतव्य है।

**7. अक्टिविटी और एडवेंचर स्पोर्ट्स**

येलागिरी में कई एडवेंचर एक्टिविटीज भी होती हैं, जैसे पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, माउंटेन बाइकिंग आदि। इन गतिविधियों के माध्यम से आप प्रकृति के करीब जाकर रोमांचक अनुभव ले सकते हैं।

**8. जंगल सफारी**

अगर आप जंगल और वन्यजीवों के प्रेमी हैं, तो येलागिरी के आस-पास के जंगलों में सफारी का अनुभव भी ले सकते हैं। यहां के घने जंगलों में विभिन्न प्रकार के पक्षी और जानवरों की प्रजातियां पाई जाती हैं।

**9. सूर्योदय और सूर्यास्त दृश्य**

येलागिरी के पहाड़ों से सूर्योदय और सूर्यास्त का दृश्य अत्यंत अद्भुत होता है। यहां के पहाड़ी इलाकों में सूरज के निकलने और ढलने के समय के दृश्य पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देते हैं। यदि आप प्रकृति प्रेमी हैं, तो यह दृश्य आपके लिए यादगार होगा।

येलागिरी एक शांति और प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर स्थल है। यहां का वातावरण, झीलें, झरने, पहाड़ और ट्रैकिंग रूट्स आपको शांति और रोमांच का बेहतरीन मिश्रण प्रदान करते हैं। यदि आप एक यात्रा प्रेमी हैं और प्राकृतिक सौंदर्य में खो जाना चाहते हैं, तो येलागिरी एक बेहतरीन गंतव्य हो सकता है।

इस सुरम्य पहाड़ी स्थल पर यात्रा करते हुए आप न केवल अपनी मानसिक शांति को पुनः प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि एक अद्भुत अनुभव भी प्राप्त कर सकते हैं।



## कोलकाता की इन 3 जगहों पर सेलिब्रेट करें बर्थडे, खास और यादगार बन जाएगा दिन

किसी खास जगह पर जाकर बर्थडे मनाकर लोग इसको एक यादगार पल बनाना चाहते है। हम सभी बर्थडे के दिन को खास बनाने के लिए खास लोकेशन की तलाश करते हैं। अपने किसी खास के साथ इस दिन को सेलिब्रेट करना सबसे अनोखा एहसास होता है। कुछ लोग अपने परिवार या पार्टनर के साथ समय बिताने के लिए किसी सुकून देने वाले जगह पर जाना पसंद करते हैं। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कोलकाता की कुछ ऐसी फेमस जगहों के बारे में बताने जा रहे है, जहां पर आप बर्थडे पार्टी प्लान कर सकते हैं।

**प्रिंसेप घाट**

हुगली नदी के किनारे प्रिंसेप घाट का दृश्य और शांति से भरा माहौल आपके जन्मदिन को यादगार बना देगा। प्रिंसेप घाट की सुंदरता और ताजगी बर्थडे पार्टी के लिए बेस्ट हो सकती है। अगर आप अपने बर्थडे को अधिक यादगार बनाना चाहते हैं, तो आपको यहां पर सनसेट का दृश्य देखते हुए बर्थडे पार्टी इंजॉय कर सकते हैं। यह जगह सिर्फ दिन में ही नहीं बल्कि रात में भी ज्यादा सुंदर और बेहतरीन हो जाती है। कोलकाता की यह फेमस जगह घूमने के लिए काफी अच्छी है।

**पार्क स्ट्रीट**

अगर आप भी कोलकाता में बर्थडे पर घूमने के लिए पार्ट स्ट्रीट जाने का प्लान कर सकते हैं। यह कोलकाता के सबसे स्टाइलिश पर्यटक आकर्षणों में से एक है। जोकि फूड स्ट्रीट और नाइट लाइफ हब के लिए फेमस है। अक्सर लोगों को बर्थडे पार्टी राय या शाम के समय प्लान करना पसंद होता है।

**इलियट पार्क**

बता दें कि इलियट पार्क बैठने और आराम करने के लिए काफी अच्छी जगह है। शहर के केंद्र में स्थित यह पार्क बेहद शांत और हरा-भरा है। यहां का शांतिपूर्ण वातावरण आपका दिल जीत लेगा। बर्थडे पार्टी के लिए आप इस जगह का चयन कर सकते हैं। आप यहां पर घंटों समय बिता सकते हैं। यह पार्क दोपहर में 1 बजे से 4 बजे तक खुला रहता है। ऐसे में आप इस बीच यहां आ सकते हैं। यह कोलकाता का सबसे सुंदर पार्क है। वहीं यह पार्क बच्चों के साथ घूमने के लिए बेहद अच्छी जगह है।



# स्वर्ग से भी सुंदर इस जगह पर मिलेगा मानसिक सुकून, रहने-खाने में नहीं खर्च होंगे हजारों रुपए

**आज हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाना बजट के अंदर होने के साथ ही आप प्रकृति के बीच समय भी बिता सकेंगे। यहां पर गंगा का कल-कल बहता ठंडा पानी, गंगा आरती, मंदिर, सुंदर घाट आपको मानसिक सुकून देगा।**

घर और ऑफिस की जिम्मेदारी संभालने के कारण लोग मशीन की तरह काम करते हैं। ऐसे में इस व्यस्त लाइफस्टाइल के कारण लोग अपने लिए समय निकालना भूल जाते हैं। पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को बैलेंस करने के चक्कर में लोग खुद के लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। कई बार लोग काम का इतना ज्यादा प्रेशर ले लेते हैं कि शरीर थक जाता है और दिमाग काम करना बंद कर देता है। ऐसे में आपको फौरन एक ब्रेक लेना चाहिए। क्योंकि यह ब्रेक आपको मानसिक शांति देने के साथ अंदर से हील करने का काम करता है।

इसलिए आपको काम से ब्रेक लेकर किसी ऐसी जगह जाना चाहिए, जहां पर आप खुलकर सांस ले सकें और शांति व सुकून का अनुभव कर सकें। अगर आप भी किसी ऐसी जगह की तलाश में हैं, तो यह आर्टिकल आपके लिए है। क्योंकि आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर जाना बजट के अंदर हो और आप प्रकृति के बीच समय भी बिता सकेंगे। दरअसल हम एक ऐसी जगह के बारे में बताने जा रहे हैं, जहां पर पूरे विश्व भर से लोग योग सिखने के लिए आते हैं। यह जगह और कोई नहीं बल्कि ऋषिकेश है। यहां पर गंगा का कल-कल बहता ठंडा पानी, गंगा आरती, मंदिर, सुंदर घाट और चारों ओर योग व आध्यात्म का नजारा आपको मानसिक सुकून देने का काम करेगा।

**इस तरह करें ऋषिकेश जाने की प्लानिंग**

दिल्ली से ऋषिकेश जाने के लिए आपको कई बस और ट्रेन मिल जाएंगी। बसों का किराया 300-400 रुपए के बीच होता है। इसके साथ ही ट्रेन के टिकट की कीमत भी करीब-करीब इतना ही होगा।

**लोकल ट्रांसपोर्ट**


दिल्ली से ऋषिकेश जाकर प्राइवेट कार या फिर कैब के इस्तेमाल की जगह लोकल ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करें। प्राइवेट कैब जहां आपको 200-300 रुपए खर्च करने होंगे। तो वहीं लोकल ट्रांसपोर्ट का इस्तेमाल करने पर आपका खर्चा 40-50 रुपए ही आएगा। बता दें कि आपको ऋषिकेश बस स्टॉप से कई लोकल ट्रांसपोर्ट मिल जाएंगे।

**आश्रम में रहें**

आप ऋषिकेश में होटल की जगह हॉस्टल में स्टे करें। हॉस्टल की शुरूआत 500 रुपए से होती है। अगर आप राम झूला के पास हैं, तो आपको यहां पर कई आश्रम मिल जाएंगे।

**स्ट्रीट फ़ूड का लें मजा**

अगर आप चाहें तो राम झूला के पास या लक्ष्मण झूला के पास खाने-पीने के लिए आपको महंगे से लेकर बजट तक में कई पैकेज मिल जाएंगे। आप यहां पर स्ट्रीट फूड का भी मजा ले सकते हैं। आपको यहां पर 100 रुपए में खाने-पीने को काफी कुछ मिल जाएगा।



स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com